
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwaparivar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 293 ● वर्ष : 13 ● रायपुर, शनिवार 25 अप्रैल 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



आज लोकतंत्र को सम्हालने वालों को तैयार करने वालों की आवश्यकता है जो इस भारत के लोकतंत्र को सही दिशा प्रदान कर सकें।

Today we need such people who can prepare defenders of democracy who in turn can give right derection to Indian democracy.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

# 'आप' में बड़ा राजनीतिक भूचाल
## राघव चड्ढा समेत कई सांसद भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) से इस्तीफे के बाद राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। शुक्रवार को वह भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय पहुंचे, जहां उनकी मुलाकात भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से हुई।

इस दौरान अशोक मित्तल और संदीप पाठक भी उनके साथ मौजूद रहे। नितिन नबीन ने मिठाई खिलाकर सभी नेताओं का स्वागत किया। राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए दावा किया कि राज्यसभा में आप के दो-तिहाई से अधिक सांसदों ने संवैधानिक प्रावधानों के तहत भाजपा में विलय कर लिया है। उन्होंने बताया कि सात सांसदों ने संबंधित दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर उन्हें राज्यसभा के सभापति को सौंप दिया है। इस घटनाक्रम पर आम आदमी पार्टी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी ने इसे भाजपा का 'ऑपरेशन लोटस' करार देते हुए आरोप लगाया कि ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों के दबाव में नेताओं को तोड़ा गया है।

आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया कि 'ऑपरेशन लोटस' के जरिए भाजपा पंजाब की भगवंत मान सरकार को अस्थिर करना चाहती है। उन्होंने इसे पंजाब और वहां की जनता के साथ धोखा बताया और कहा कि लोग इसे कभी नहीं भूलेंगे। राघव चड्ढा ने कहा कि राज्यसभा में आप के कुल 10 सांसद हैं और उनमें से दो-तिहाई से अधिक इस पहल के साथ हैं। उन्होंने कहा कि सभी जरूरी दस्तावेज, जिनमें हस्ताक्षरित पत्र और अन्य औपचारिक कागजात शामिल हैं, सभापति को सौंप दिए गए हैं और जल्द ही पूरी सूची सार्वजनिक की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि इस प्रक्रिया में हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, राजेंद्र गुप्ता और विक्रम साहनी जैसे अन्य नेता भी शामिल हैं।

## रायपुर नगर निगम और महिला-बाल विकास विभाग आमने-सामने



**रायपुर।** रायपुर नगर निगम और महिला एवं बाल विकास विभाग के बीच जमीन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मामला नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड-31 का है, जहां नई पानी टंकी के लिए 22 करोड़ रुपए का टेंडर जारी कर दिया गया, लेकिन जिस जमीन पर टंकी बननी है, उस पर ही अब विवाद हो गया है। जानकारी के मुताबिक, नगर निगम ने बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र लिए ही टेंडर जारी कर दिया।

**22 करोड़ की पानी टंकी पर जमीन विवाद**

# छत्तीसगढ़ विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र 30 अप्रैल को प्रस्तावित

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र 30 अप्रैल को प्रस्तावित है। इस दौरान राज्य सरकार महिला आरक्षण कानून और डिलिमिटेशन से जुड़े 131वें संवैधानिक संशोधन विधेयक के पारित नहीं होने के विरोध में निंदा प्रस्ताव ला सकती है। इस मुद्दे पर सरकार और विपक्ष के बीच तीखी बहस के आसार हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि वे दुखी मन से अपनी बात रख रहे हैं। उनके मुताबिक महिलाओं को 33त्न आरक्षण देने का सपना विपक्ष के रुख के कारण पूरा नहीं हो सका। सीएम साय ने कहा कि इस फैसले से देश की करोड़ों महिलाओं की उम्मीदों को ठेस पहुंची है और यह सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकारों से जुड़ा अहम मुद्दा है। छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने विधानसभा के विशेष सत्र को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का पत्र आया है, इसलिए सत्र में शामिल होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पत्र में शासकीय कार्य का जिक्र है, इसलिए हम उसमें भी भाग लेंगे।







### विपक्ष के खिलाफनिंदा प्रस्ताव लाएगी सरकार

वहीं, उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि 30 अप्रैल को विधानसभा में विशेष सत्र होगा, जिसमें विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने आधी आबादी के संवैधानिक अधिकार छीनने का काम किया और कांग्रेस शुरू से ही महिला आरक्षण का विरोध करती रही है। साव ने कहा कि इस सत्र के जरिए विपक्षी नेताओं को एक्सपोज किया जाएगा।

## राजस्थान और महाराष्ट्र के 4 शहरों में पारा 44 डिग्री पार



**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में लू का असर तेज होता जा रहा है। यूपी, राजस्थान और महाराष्ट्र के 4 शहरों में पारा 44एष्ट के पार पहुंच गया है। गुरुवार को राजस्थान के श्रीगंगानगर में तापमान सबसे ज्यादा 44.5 डिग्री दर्ज हुआ। यूपी के प्रयागराज और महाराष्ट्र के अमरावती में 44.4 डिग्री, वहीं अकोला में 44.3 डिग्री पारा रिकॉर्ड हुआ। बढ़ती गर्मी के कारण राजस्थान के जयपुर, कोटा, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर और दौसा में स्कूलों की टाइमिंग समय सुबह 7.30 बजे से कर दी गई है।

बीकानेर, झुंझुनूं और जैसलमेर में सरकारी योजनाओं काम के समय में भी बदलाव किया गया है। अब मजदूर सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक ही काम करेंगे। इधर, केरल में लू लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। कन्नूर जिले में बढ़ते तापमान के बीच गर्मी से हुई मौत का यह पहला मामला है। ओडिशा में भी गुरुवार को हीटवेव का असर जारी रहा। झारसुगुड़ा और तालचेर में तापमान 44 डिग्री दर्ज किया गया। राज्य के 24 जगहों पर तापमान 40एष्ट और उससे ज्यादा रहा।कटक में स्कूल और कॉलेजों की छुट्टियां 27 अप्रैल तक बढ़ा दी गई हैं।

# जादवपुर में पीएम मोदी का वादा 'आपका तप बेकार नहीं जाएगा'



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के जादवपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि बंगाल का हर व्यक्ति भाजपा की सरकार के लिए समर्थन दे रहा है। इस दौरान, पीएम मोदी ने सत्तारूढ़ टीएमसी पर भी तीखा प्रहार किया। जादवपुर की रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं विश्वास दिलाता हूं कि जो लोग धूप में तप कर रहे हैं, मैं उनका तप बेकार नहीं जाने दूंगा। इस क्षेत्र का विकास करके मैं आपके इस तप को ब्याज समेत लौटाऊंगा। पहले चरण के मतदान को लेकर पीएम मोदी ने कहा, देश आजाद होने के बाद कभी ऐसा मतदान नहीं देखा। हर तरफयही चर्चा है कि भाजपा को जनता का समर्थन मिला है। आज बंगाल के छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े व्यापारी भयमुक्त होकर भाजपा के साथ हैं। आज बंगाल के टैक्सीवालों से लेकर रिक्शा चालकों तक सभी भाजपा की सरकार के लिए समर्थन दे रहे हैं। आज नाव चलाने वाले हों या नाम कमाने वाले हों, हर कोई खुलेआम परिवर्तन के लिए भाजपा के भरोसे पर बंगाल का भाग्य बनाने के लिए तैयार है। सरकारी कर्मचारी से लेकर पुलिसकर्मियों तक सभी उज्ज्वल बंगाल के लिए मैदान में आए हैं। शिक्षकों से लेकर वकील और डॉक्टर तक सभी भाजपा के समर्थन में उतरे हुए हैं।

पीएम मोदी ने तृणमूल कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, पिछले 15 सालों में टीएमसी ने बंगाल को केवल लूटने का काम किया है। ऐसा कोई काम नहीं, जहां टीएमसी का करप्शन नहीं। इसलिए बंगाल की जनता कह रही है कि भर्ती घोटाला, चिटफंड घोटाला, कोयला खनन घोटाला, बालू खनन घोटाला, गरीबों के राशन की लूट, तस्करों को छूट और कट मनी व कमीशन नहीं चलेगा। महिला आरक्षण के मुद्दे पर भी पीएम मोदी ने टीएमसी पर हमला बोला। उन्होंने कहा, भाजपा का विश्वास है कि बेटी सशक्त होगी, तो समाज सशक्त होगा।

## मणिपुर फिर दहला :अंधाधुंध गोलीबारी, 3 की मौत से मचा हड़कंप, कई घायल



**इंफाल।** मणिपुर में नई सरकार को गठन होने के बाद भी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। राज्य के उखरुल जिले में शुक्रवार को एक बार फिर हिंसक झड़प हो गई। नागा और कुकी आदिवासी समुदायों के हथियारबंद ग्रुप्स के बीच हुई अलग-अलग फायरिंग की घटनाओं में कम से कम तीन लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। घटना के बारे में जानकारी देते हुए एक पुलिस अधिकरी ने बताया कि हिंसा प्रभावित जिले के मुल्लम गांव के पास हुई एक घटना में सुरक्षा बलों ने दो शव बरामद किए। उखरुल जिला नागालैंड के साथ इंटर-स्टेट बॉर्डर और म्यांमार के साथ इंटरनेशनल बॉर्डर शेयर करता है, इसमें अधिकांश तंगखुल नागा समुदाय रहता है। दो पीड़ित की पहचान एल. सितल्हो और पी. हाओलाई के तौर पर हुई है।

## ईरानी विदेश मंत्री इस्लामाबाद के दौरे पर रवाना हुए



**वॉशिंगटन।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची इस्लामाबाद के दौरे पर रवाना हो गए हैं। वे वहां पहुंचकर पाकिस्तानी अधिकारियों से बातचीत करेंगे। यह बैठक अमेरिका और ईरान के बीच संभावित वार्ता की तैयारी के तौर पर देखी जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस बातचीत में अमेरिका शामिल नहीं होगा। इससे पहले अराघची ने आज दोपहर पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार से अलग-अलग बातचीत की। इसमें अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर बनाए रखने पर चर्चा हुई। पाकिस्तान इस पूरे मामले में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है और उसे उम्मीद है कि इस बैठक के बाद अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की बातचीत का रास्ता खुल सकता है।

## बंगाल में भाजपा की भारी बहुमत से जीत का दावाः अमित शाह



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में पहले चरण की बंपर वोटिंग के बाद सियासी हलचल तेज हो गई है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर 24 परगना में रोड शो कर भाजपा की जीत का दावा किया और कहा कि राज्य में उनकी पार्टी भारी बहुमत से सरकार बनाएगी। रोड शो के दौरान अमित शाह ने कहा कि 2021 से 2026 के बीच राज्य के राजनीतिक माहौल में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ जनता का गुस्सा पहले की तुलना में दोगुना हो गया है। अमित शाह ने भवानीपुर विधानसभा सीट को लेकर भी बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा न सिर्फ इस सीट पर, बल्कि पूरे राज्य में भारी बहुमत से जीत हासिल करेगी। इस सीट पर ममता बनर्जी और भाजपा नेता सुभेंदु अधिकारी के बीच कड़ी टक्कर मानी जा रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए शाह ने कहा कि उन्हें यह बात काफी देर से समझ में आई है। राहुल गांधी ने हाल ही में ममता बनर्जी पर ध्रुवीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया था।

## भारत बनेगा वैश्विक एविएशन हबः मंत्री राम मोहन नायडू



**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा है कि भारत की भौगोलिक स्थिति उसे वैश्विक एविएशन ट्रांजिट हब बनने का स्वाभाविक लाभ देती है। राम मोहन नायडू ने दिल्ली एयरपोर्ट पर उच्चस्तरीय बैठक के दौरान हब-एंड-स्पोक मॉडल लागू करने की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि सरकार ने सभी हितधारकों से चर्चा के बाद यह रणनीति तैयार की है। इस मॉडल के तहत छोटे शहरों से आने वाले यात्रियों को बड़े हब एयरपोर्ट्स पर इकट्ठा किया जाएगा, जहां से उन्हें अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से जोड़ा जाएगा। मंत्री ने बताया कि फिलहाल भारत के करीब 35 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय यात्री दुबई, लंदन और सिंगापुर जैसे विदेशी हब के जरिए यात्रा करते हैं।

## पुलिस कमिश्नरेट की सरप्राइज चेकिंग हिरासत में लिए गए 100 से ज्यादा वारंटी

- नॉर्थ जोन के अफ्सरों की कार्रवाई, लेट नाइट घर में दबिश देकर हिरासत में लिया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के बाद पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा एक्शन लिया है। रायपुर कमिश्नरेट के नॉर्थ जोन में देर रात सरप्राइज चेकिंग अभियान चलाकर 196 वारंटियों, बदमाशों और संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार शहर में हाल के दिनों में चाकूबाजी, हत्या और लूट जैसी घटनाओं में बढ़ोतरी देखी जा रही थी। इसे देखते हुए नॉर्थ जोन के अफ्सरों ने देर रात अचानक चेकिंग अभियान शुरू किया। टीमों ने गुढ़ियारी, पंडरी, खमतराई, उरला और खम्हारडीह इलाकों में गली-मोहल्लों तक पहुंचकर बदमाशों की तलाश की।

अभियान के दौरान पुलिस ने फरार वारंटियों के घरों में दबिश दी और कई आरोपियों को मौके से ही हिरासत में लिया। कुछ बदमाश भागने की कोशिश करते नजर आए, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी के आगे उनकी एक नहीं चली। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान अचानक शुरू किया गया, ताकि अपराधियों को संभलने का मौका न मिले।

## नेतन्याहू प्रोस्टेट कैंसर से थे पीड़ित, खुद किया खुलासा



**यरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को अपनी वार्षिक चिकित्सा रिपोर्ट को सार्वजनिक किया और बताया कि उन्हें प्रोस्टेट कैंसर था, जिसका उन्होंने इलाज करवाया था। उन्होंने एक्स पर जारी अपने बयान में कहा कि उन्होंने इस रिपोर्ट को सार्वजनिक करने में 2 महीने की देरी की, ताकि झूठ न फैलाया जा सके। यह पहली बार है जब इजरायली इतिहास में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले नेता ने स्वीकार किया कि उन्हें कैंसर का पता चला है। नेतन्याहू ने एक्स पर बताया कि उन्होंने ईरान युद्ध के कारण अपनी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की, ताकि ईरानी आतंकवादी शासन को इजरायल के खिलाफ झूठा प्रचार करने का मौका न मिलने। उन्होंने लिखा, मैं आपसे 3 बातें साझा करना चाहता हूं। पहला- भगवान का शुक्र है, मैं स्वस्थ हूं। दूसरा- मेरी शारीरिक हालत बहुत बढिया है। तीसरा- मुझे अपने प्रोस्टेट में एक छोटी मेडिकल समस्या थी, जिसका इलाज हो गया है। भगवान का शुक्र है, अब समस्या छूट गई है।

नेतन्याहू ने बताया, डेढ़ साल पहले, मैंने बिनाइन प्रोस्टेट के लिए सफल सर्जरी करवाई थी, तब से नियमित मेडिकल निगरानी जारी है। पिछली जांच में, प्रोस्टेट में एक सेंटीमीटर से छोटा एक धब्बा मिला था।

## भूटान में 'प्रोजेक्ट दन्तक' के 66 साल पूरे, भारत-भूटान साझेदारी का मजबूत प्रतीक



**नई दिल्ली।** सीमा सड़क संगठन की प्रतिष्ठित परियोजना प्रोजेक्ट दन्तक ने 24 अप्रैल, 2026 को भूटान की राजधानी थिम्पू में अपना 66वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। अप्रैल 1961 में स्थापना के बाद से यह परियोजना भूटान में 65 वर्षों की समर्पित सेवा का महत्वपूर्ण पड़ाव पूरा कर चुकी है। यह अवसर भारत-भूटान के मजबूत और दीर्घकालिक संबंधों का प्रतीक भी है।

स्थापना दिवस के मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें अंतर-विद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, उत्कृष्ट कर्मियों का सम्मान और कर्तव्य निभाते हुए शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि शामिल रही। इन आयोजनों में पेशेवर उत्कृष्टता और सामाजिक सहभागिता दोनों की झलक देखने को मिली।

'प्रोजेक्ट दन्तक' ने भूटान में पहली मोटर योग्य सड़क के निर्माण से लेकर आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास तक अहम भूमिका निभाई है। इस परियोजना के तहत 1,500 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण किया गया है, जिसमें रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ईस्ट-वेस्ट हाईवे भी शामिल है, जो त्राशिगांग को थिम्पू से जोड़ता है।

परियोजना ने फुंटशोलिंग-थिम्पू राजमार्ग, पारो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और योंगफुल्ला हवाई अड्डे के निर्माण में भी योगदान दिया है। इसके अलावा, पुलों, जलविद्युत परियोजनाओं, दूरसंचार नेटवर्क, अस्पतालों और स्कूलों के निर्माण में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# तेलीबांधा मरीन ड्राइव क्षेत्र में अभियान चलाकर सड़क अतिक्रमणमुक्त किया

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज रायपुर पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला और रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप और यातायात सीएसपी श्री अजय कुमार के निर्देशानुसार एएसपी यातायात श्री विवेक शुक्ला,नगर निगम अपर आयुक्त नगर निवेश श्री पंकज के. शर्मा, नगर निवेशक श्री आभाष मिश्रा, जोन 3 जोन कमिश्नर श्रीमती प्रीति सिंह , कार्यपालन अभियंता श्री ईश्वर लाल टावरे , कार्यपालन अभियंता नगर निवेश श्री आशुतोष सिंह जोन 3 सहायक अभियंता श्री नरेश साहू , उप अभियंता नगर निवेश श्री अक्षय भारद्वाज सहित सम्बंधित यातायात पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग उड़न दस्ता, की टीम द्वारा राजधानी शहर नगर निगम



रायपुर क्षेत्र अंतर्गत जोन क्रमांक 3 क्षेत्र अंतर्गत तेलीबांधा मरीन ड्राइव मुख्य मार्ग में टीम प्रहरी अभियान अंतर्गत राजधानी शहर के प्रमुख मार्ग को अतिक्रमण से मुक्त करवाने व्यापक अभियान के अंतर्गत जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से सुगम और सुव्यवस्थित यातायात देने सभी दुकानदारों को निरन्तरता के साथ स्पष्ट हिदायत दी जा रही है कि वे किसी भी हालत में सड़क पर कब्जा ना करें, अन्यथा की स्थिति में सड़क पर रखे उनके सभी सामानों की यातायात जाम की समस्या दूर करने जनहित में सख्तीपूर्वक तत्काल जब्ती कर ली जाएगी, इस स्थिति के निर्मित होने पर सम्बंधित कब्जाधारी दुकानदार स्वतः जिम्मेदार रहेंगे ।

आज चलाये गए जनहितकारी टीम प्रहरी अतिक्रमणरोधी अभियान के अंतर्गत रायपुर नगर निगम जोन क्रमांक 3 अंतर्गत तेलीबांधा मरीन ड्राइव मुख्य मार्ग में लगभग 15 ठेलों,गुमटियों को प्रमुख मार्ग क्षेत्र से कब्जामुक्त करवाने कड़ाई से व्यवस्था सुधारने हटाने की कड़ी कार्रवाई जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से नागरिकों को मुख्य मार्ग में सुगम आवागमन उपलब्ध करवाने की गयी ।

टीम प्रहरी अभियान अंतर्गत प्रतिदिन लगातार चलाये जा रहे अतिक्रमणरोधी अभियान से राजधानी शहर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न प्रमुख बाजार क्षेत्रों में भिन्न मुख्य मार्गो का यातायात निरन्तर सुगम और सुव्यवस्थित हो रहा है और इससे आमजनों को यातायात जाम की समस्या से मुक्ति सहित लगातार त्वरित राहत प्राप्त हो रही है।

# निगम स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर ने कचरा कलेक्शन पर बैठक ली

**स्वच्छ सर्वेक्षण में रायपुर को देश में स्वच्छ शहर नम्बर बनाने मेहनत करनी होगी**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे के निर्देश पर नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर ने नगर निगम जोन 3 में जोन 3 अध्यक्ष श्रीमती साधना प्रमोद साहू सहित सभी वार्डो में शत - प्रतिशत डोर टु डोर कचरा कलेक्शन कार्य और स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के समस्त पहलुओं पर आवश्यक समीक्षा बैठक लेकर स्वच्छ सर्वेक्षण में रायपुर शहर को देश में स्वच्छ शहर नम्बर 1 की प्रथम स्वच्छ रैंकिंग दिलवाने मेहनत की पराकाष्ठा करने की विनम्र अपील वार्ड पार्षदों और जोन अधिकारियों और कर्मचारियों से की.

आज नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर द्वारा जोन 3 जोन अध्यक्ष श्रीमती साधना प्रमोद साहू सहित स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान की समीक्षा हेतु ली गयी आवश्यक बैठक में जल कार्य विभाग अध्यक्ष श्री संतोष सीमा साहू नगर निगम अपील समिति सदस्य और शंकर नगर वार्ड पार्षद श्री राजेश गुप्ता, वार्ड 29 पार्षद श्री कैलाश बेहरा ,वार्ड क्रमांक 31 पार्षद श्रीमती पुष्पा रोहित साहू, वार्ड क्रमांक 33 पार्षद श्री प्रदीप वर्मा सहित नगर निगम जोन 3 जोन कमिश्नर श्रीमती प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता श्री ईश्वर लाल टावरे , जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री पूरन कुमार ताण्डी, सभी वार्ड सफाई प्रभारियों की उपस्थिति रही.

# महिला आरक्षण को लेकर भाजपा बेनकाब हो गयी : वंदना राजपूत



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महिला आरक्षण को लेकर भाजपा बेनकाब हो गयी है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि संसद में भाजपा ने परिसीमन विधेयक पास कराने के लिये महिला आरक्षण बिल का सहारा लिया, लेकिन विपक्षी दलों और कांग्रेस पार्टी की जागरूकता से भाजपा बेनकाब हो गयी और उसकी चाल सफल नहीं हुई। भाजपा महिलाओं को आरक्षण नहीं देना चाहती, वह अपनी चुनावी गणित के हिसाब से परिसीमन कराना चाह रही, उसमें वे सफल नहीं हो पाया।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि भाजपा ने 16 अप्रैल 2026 को जो विधेयक संसद में प्रस्तुत किया 131 वां संविधान संशोधन अधिनियम इसमें महिला आरक्षण के संदर्भ में नहीं भाजपा महिला आरक्षण को मुखौटा बनाकर परिसीमन संशोधन बिल तथा केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन बिल को पास करवाना चाहती थी। संसद में जो विधेयक गिरा उसमें इस विधेयक में लोकसभा परिसीमन की सीटें 850 करने का प्रस्ताव था राज्यों में 815 सीटें तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 35 सीटें। परिसीमन विधेयक- जिसमें परिसीमन के लिये 2011 की जनगणना को आधार बनाने की बात की गयी थी। विधेयक में पांडुचेरी, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर के कानूनों में संशोधन की बात की गयी थी ताकि परिसीमन और महिला आरक्षण विधेयक लागू किया जा सके।प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि यह विधेयक इसलिए गिरा क्योंकि भाजपा सरकार का परिसीमन बिल पर देश के अन्य राज्यों को आपत्ति थी, भाजपा आरक्षण सामने रख कर परिसीमन बिल पास करना चाहती है। भाजपा 2011 के जनगणना को आधार मान कर परिसीमन करना चाहती है।प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि जब 2026-27 की जनगणना शुरू है तथा सरकार जाति जनगणना की भी बात कर चुकी है तो जनगणना के बाद आये नये आंकड़ों के आधार पर परिसीमन क्यों नहीं कराया जा रहा? महिला आरक्षण बिल को यदि तुरंत लागू करना है ।

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं./30660/न.पा.नि./जोन क्रं.-3/2026
रायपुर दिनांक : 24-04-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 30660**
**वार्ड का नाम-12- कालीमाता वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 12 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR225G00179** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MANISH KUMAR PANDEY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O GEND LAL PANDEY** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. PRIYANKA DUBEY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O RAMGOPAL DUBEY** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं./30659/न.पा.नि./जोन क्रं.-3/2026
रायपुर दिनांक : 24-04-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 30659**
**वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR328C00177** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SMT. PREMLATA TIWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O SHAILENDRA TIWARI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. KAVITA RATHI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O RAJKUMAR RATHI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं./30704/न.पा.नि./जोन क्रं.-3/2026
रायपुर दिनांक : 24-04-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 30704**
**वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR331G00099** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **S SURESH KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O A. KUNJIRAMN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती रानू सेठिया** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति - श्री त्रिलोक सेठिया** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं./30730/न.पा.नि./जोन क्रं.-3/2026
रायपुर दिनांक : 24-04-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 30730**
**वार्ड का नाम-33- शहीद वीर नारायण वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 33 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR332F0316A** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **1. LOKESH THITE S/O DHANWANT THITE, 2. MUKESH THITE S/O DHANWANT THITE, 3. SMT. SADHNA INGOLAY W/O LATE SHIV KUMAR INGOLAY D/O DHANWANT THITE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **....** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. GAYATRI THITE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O LATE. MUKESH THITE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं.- ( 3 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**लिय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा. जिला रायपुर (छ.ग.)**

## इश्तिहार

**ग्राम छछानपैरी प0ह0नं0 11 रा0प्र0क0 / अ-74 वर्ष 2025-26**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका **विनीता कोशले पिता स्व0 उदय राम कोशले निवासी ग्राम छछानपैरी तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ0ग0 द्वारा ग्राम छछानपैरी** प.ह.नं. 11 रा. नि.मं. केन्द्री उप **तहसील खोरपा जिला रायपुर छ0ग0** में स्थित भूमि **ख0नं0 352/3 रकबा 0.1580 हे0** भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदिका के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का नक्शा बटांकित नही हुआ है। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि का नक्शा बटांकन किये जाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय मे पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी **तारीख 30/04/2026** तक न्यायालयीन समय में स्वत: अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज **दिनांक 17/04/2028** को जारी किया गया।

**अति, तहसीलदार**
**खोरपा अभनपुर**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)**
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
E-mail ID - rmczone7@gmail.com

पत्र क्र./ 30782 / न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 24-04-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 30782**
**वार्ड का नाम-22 -पं. ईश्वरीचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 22 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR814C00195** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MEENA RAM DEVELOPERS 01. ALOK DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. RAMKUMAR DEWANGAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **BHAWARTH SHRIVASTAVA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O ATUL SHRIVASTAVA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)**
मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
E-mail ID - rmczone7@gmail.com

पत्र क्र./30742/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 24-04-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 30742**
**वार्ड का नाम-23 -शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 23 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR812E00178** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **TARA BAI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KESHAV RAO AAKRE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **योगेन्द्र कुमार आकरे** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता स्व. केशव आकरे** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, ( मृत्यु प्रमाण पत्र ) सहमति पत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-7**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223**
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

## आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि, **सामान्य आवास योजनांतर्गत पिरदा रायपुर जिला-रायपुर** में स्थित **एम.आई.जी. ब्लॉक नं.-16 फ्लैट नं.-05 द्वितीय तल, श्रीमती मौसुमी बर्मन पति श्री राम जश बर्मन** के नाम से एकमुश्त आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की लीजडीड **दिनांक 23.06.2020** पंजीकृत कराने उपरान्त भवन की पूर्ण राशि जमाकर **दिनांक 29.06.2020** को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी **श्रीमती मौसुमी बर्मन पति श्री राम जश बर्मन निवासी:- निपनिया हिरी जिला बिलासपुर ( छ.ग. )** के द्वारा उक्त भवन को **श्रीमती अंकिता नाथ पति श्री कृष्णा नाथ एवं श्री कृष्णा नाथ पिता श्री अमूल्य नाथ निवासी: ब्लाक नं. 7/11 माना कैप वार्ड नं.-08 माना रायपुर, जिला रायपुर ( छ.ग. )** के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है।

अत: उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

## आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर कालोनी, रायपुर में **एम आई जी-I** भवन योजना के अतंर्गत, दुकानों भूखण्डों/भवनों में से भूखण्ड/भवन क्रमांक **एम.आई. जी-I /52 फेस-2 श्री गोवर्धन प्रसाद अग्रवाल पिता श्री स्व. पुरनमल अग्रवाल** को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है।

आबंटी द्वारा **दिनांक 28-8-08** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु **दिनांक 30.3.26** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्री / श्रीमती **1. सुमीत कुमार डालमिया 2. वर्षा डालमिया** पिता/पति **1. स्व. ओमप्रकाश डालमिया 2. सुमीत कुमार डालमिया** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं। अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जायेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./30689/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 24-04-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 30689**
**वार्ड का नाम-44-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 44 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR739E01322** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MANOHAR SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BHAGIRATHI SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **नानिक राम** पिता/पति, श्री/श्रीमती **दवारकोमल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती दिव्या चंद्रवंशी**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./30695/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 24-04-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 30695**
**वार्ड का नाम-34-पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 34 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR24A0190A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MO. AKBAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MO. SULEMAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **कहकशॉ सिद्धीकी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **खालिद सादात** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती दिव्या चंद्रवंशी**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./30739/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 24-04-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 30739**
**वार्ड का नाम-34-पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 34 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR224A00190** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MO. AKBAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MO. SULEMAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **मोहम्मद सलीम** पिता/पति, श्री/श्रीमती **मोहम्मद हाशिम** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती दिव्या चंद्रवंशी**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./30783/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 24-04-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 30783**
**वार्ड का नाम-27- इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR737B00162** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **BHUPENDRA TANDE , RAJESH TANDE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. BASANT TANDE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री राजेश बघेल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. श्री बसंत लाल बघेल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र टैक्स रसीद, बिक्रीनामा, बंटवारानामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./30748/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 24-04-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 30748**
**वार्ड का नाम-27- इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR737B00162** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **BHUPENDRA TANDE , RAJESH TANDE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. BASANT TANDE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री दुर्गेश टांडे** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. राजकुमार टांडे** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र टैक्स रसीद, बिक्रीनामा** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./30754/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 24-04-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 30754**
**वार्ड का नाम-27- इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR737A00339** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **HARJEET KAUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KULDEEP SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती पूजा कारला** पिता/पति, श्री/श्रीमती **श्री अमर कारला** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./30773/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 24-04-2026

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 30773**
**वार्ड का नाम-13- राजीव गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 13 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR222E00103** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MR. SURYA PRAKASH NAIDU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GOPAL NAIDU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1 प्रवीण भाई पटेल 2 प्रीतेश पटेल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1 करमशी भाई पटेल 2 श्री प्रभुदास पटेल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./30526/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026
रायपुर, दिनांक 10-06-2025

## इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 30526**
**वार्ड का नाम- 4 यतीयतन लाल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 4 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR104A00141** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHANTI SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VISHNU PRASAD SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SANTOSH MAHRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O PURUDAS MAHRA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ / **SAPATH PATRA, MALBA BIKRI NAMA** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अंशुल शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

# पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा हेतु कलेक्टर ने ली पंप संचालकों एवं गैस वितरकों की बैठक

**हितग्राही एलपीजी गैस की ऑनलाइन बुकिंग करें एवं ओटीपी के माध्यम से ही करें सिलेंडर का उठाव- कलेक्टर**

**गोपाल सिंह विद्रोही**





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** विगत दिवस जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस की आपूर्ति व्यवस्था की वर्तमान वस्तुस्थिति का आकलन करने तथा बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन की अध्यक्षता में जिला संयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में पेट्रोल पंप संचालकों एवं एलपीजी गैस वितरकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में जिले की ईंधन एवं गैस आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री जयवर्धन ने जिले में पेट्रोल एवं डीजल की आवक तथा बिक्री की वर्तमान स्थिति के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने पंप संचालकों से ईंधन की मांग, उपलब्धता, आपूर्ति श्रृंखला की निरंतरता एवं उपभोक्ताओं को प्रदान की जा रही सेवाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने यह सुनिश्चित करने पर बल दिया कि जिले के उपभोक्ताओं को सहज, सुगम एवं निर्बाध आपूर्ति प्राप्त होती रहे।

कलेक्टर ने पेट्रोल एवं डीजल पंप संचालकों तथा एलपीजी गैस वितरकों से सकारात्मक चर्चा करते हुए उनकी सुझावों एवं क्षेत्रीय अनुभवों को भी ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने संचालकों एवं वितरकों से आग्रह किया कि वे उपभोक्ताओं को उत्पाद समय पर उपलब्ध कराएँ तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा कालाबाजारी की स्थिति उत्पन्न न होने दें। पेट्रोल एवं डीजल संचालकों को उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बोतल व डिब्बों मे पेट्रोल अथवा डीजल ना दिए जाएं। जिला प्रशासन उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी कर रहा है। बैठक के दौरान वितरण व्यवस्था को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई।

जिला प्रशासन द्वारा जिलेवासियों से अपील की कि वे एलपीजी गैस सिलेंडर के लिए ऑनलाइन बुकिंग करें तथा सिलेंडर प्राप्त करते समय ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) के माध्यम से ही उठाव सुनिश्चित करें। ओटीपी आधारित वितरण प्रणाली उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा के साथ-साथ वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का एक प्रभावी माध्यम है। इसके साथ ही डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी गैस को लेकर किसी भी प्रकार की अनावश्यक जमाखोरी से बचने तथा अपनी वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप ही इन उत्पादों का उपभोग करने की अपील की गई ।

बैठक में कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस की आपूर्ति व्यवस्था की नियमित निगरानी करें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने पंप संचालकों एवं गैस वितरकों से समुचित समन्वय बनाए रखने तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी संदीप भगत, जिले के समस्त पेट्रोल पंप संचालक, एलपीजी गैस एजेंसी वितरकगण एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन ने विभिन्न विकास कार्यों का किया अवलोकन, सुशासन तिहार के आवेदनों का निरीक्षण किया





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** कलेक्टर एस. जयवर्धन एवं जिला पंचायत सीईओ के द्वारा जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के क्रम में ग्राम पंचायत श्यामनगर में मिट्टी बांध एवं कृषि विभाग के वाटरशेड अंतर्गत चेक डेम निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया। साथ ही मुकुल साय एवं मनदेव के कूप निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी दौरान सुशासन तिहार 2026 के तहत ग्राम पंचायत श्यामनगर के पंचायत भवन में प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर उनके निराकरण की प्रगति जानी गई।

इसके पश्चात ग्राम शंकरपुर में मनरेगा अंतर्गत नाला सफाई एवं बोरी बंधान कार्य का निरीक्षण किया गया, वहीं ग्राम पंचायत मायापुर-02 में मनरेगा के तहत कंटूर ट्रेंच निर्माण कार्य का भी जायजा लिया गया।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखें तथा हितग्राहियों को समय पर योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करें।

# जगदलपुर में 'बस्तर आइडल' का धमाकेदार आगाज़, 26 व 29 अप्रैल को होंगे ऑडिशन




**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** शहर में संगीत प्रेमियों के लिए एक बड़ा मंच तैयार हो चुका है। राग द म्यूजिकल ग्रुप, जगदलपुर द्वारा आयोजित बस्तर आइडल सिंगिंग प्रतियोगिता को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

प्रतियोगिता के तहत जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों के लिए ऑनलाइन ऑडिशन 15 अप्रैल से शुरू हो चुके हैं, जिनमें शहर के साथ-साथ अन्य जिलों और राज्यों से भी प्रतिभागी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

ग्रुप के अध्यक्ष बीजू विश्वास ने बताया कि प्रतियोगिता के ऑफ्लाइन ऑडिशन 26 अप्रैल और 29 अप्रैल को शहर के चंपा बाग रिसोर्ट में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी उभरते गायक-गायिकाओं और संगीत से जुड़े कलाकारों से अपील की है कि वे इस मंच का लाभ उठाएं और अपनी प्रतिभा को एक नई पहचान दें।बस्तर आइडल केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का एक प्रयास है प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कारों के साथ बस्तर आइडल का खिताब प्रदान किया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और प्रतिभागियों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है।

# सैमसंग ने भारत में लॉन्च किए बीस्पोक एआई विंडफ्री एसी, स्मार्ट कूलिंग और 30 प्रतिशत तक बिजली बचाने की सुविधा

**गुरुग्राम:** सैमसंग ने भारत में अपनी नई बीस्पोक एआई विंडफ्री इंवर्टर स्प्लिट एसी रेंज लॉन्च की है। इस नई सीरीज़ में 23 मॉडल शामिल हैं, जिनकी शुरुआती कीमत 32,940 रूपये रखी गई है। कंपनी ने इसे बढ़ते तापमान और ऊर्जा दक्षता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पेश किया है। यह एसी एआई एनर्जी मोड के जरिए 30 प्रतिशत तक बिजली बचाने की सुविधा देते हैं। नई रेंज में एआई फास्ट और कंफर्ट कूलिंग तकनीक दी गई है, जो कमरे की स्थिति और उपयोग के पैटर्न का विश्लेषण कर तेजी से कूलिंग शुरू करती है। इससे कमरे का तापमान तेजी से कम हो जाता है और तुरंत राहत मिलती है। तापमान कम होने के बाद, जब कमरे का टेम्परेचर मनचाहे स्तर पर आ जाता है, तो सिस्टम विंडफ्री™/ड्राई कंफर्ट मोड पर चला जाता है ताकि आरामदायक कूलिंग बनी रहे। यह हवा को बहुत हल्के तरीके से छोटे-छोटे छेदों से फैलाता है, जिससे तेज और ठंडी हवा सीधे नहीं लगती। पूरे समय एआई कमरे की स्थिति और यूजर की पसंद को समझता रहता है और उसी के हिसाब से कूलिंग को एडजस्ट करता है, ताकि लगातार आराम मिलता रहे। सैमसंग के स्मार्टथिंग्स इंटीग्रेशन के साथ यह एसी स्मार्ट और कनेक्टेड होम कूलिंग का अनुभव देता है। यूजर्स मोबाइल ऐप से दूर से ही तापमान कंट्रोल कर सकते हैं, बिजली की खपत देख सकते हैं और एसी के फंक्शन को ऑटोमेट कर सकते हैं। इसके अलावा इसमें एनर्जी मॉनिटरिंग, वॉयस कंट्रोल, वेलकम/अवे केयर और स्मार्ट मेंटेनेंस अलर्ट जैसी सुविधाएं भी मिलती हैं, जिससे इस्तेमाल आसान हो जाता है और ज्यादा सुविधा व भरोसा मिलता है। एआई एनर्जी मोड कंप्रेसर की परफॉर्मेंस को बेहतर तरीके से मैनेज करता है और उपयोग के पैटर्न व मौसम की स्थिति का विश्लेषण करके बिजली की खपत को 30 प्रतिशत तक कम करता है। नई एसी रेंज तेज और प्रभावी कूलिंग के साथ बेहतर ऊर्जा दक्षता भी देती है। इसकी एडवांस इन्वर्टर तकनीक बहुत ज्यादा गर्मी में भी स्थिर परफॉर्मेंस सुनिश्चित करती है, जिससे यह भारत के अलग-अलग मौसमों के लिए उपयुक्त है। सैमसंग की नई बीस्पोक एआई एयर कंडीशनर रेंज अब देश के प्रमुख रिटेल स्टोर्स और फ्लिपकार्ट, अमेज़न एवं Samsung.com सहित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है।

# भाजपा महिला आरक्षण नहीं, परिसीमन बिल पास कराना चाह रही थी, कांग्रेस महिला आरक्षण के समर्थन में थी और है, भाजपा फैला रही भ्रम- शिल्पा देवांगन




**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** आज संभाग मुख्यालय राजीव भवन जगदलपुर में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य जी की अध्यक्षता में PCC प्रवक्ता शिल्पा देवांगन ने आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा भाजपा द्वारा महिला आरक्षण को लेकर लगातार भ्रम फैलाया जा रहा है कि कांग्रेस और विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण बिल का समर्थन नहीं किया, इसलिए संसद में बिल पास नहीं हो सका।भारतीय जनता पार्टी झूठ बोल रही है, महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023) 106वां संविधान संशोधन 2023 में संसद के दोनों सदनों में पारित हो चुका है तथा राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू इस पर हस्ताक्षर कर चुकी है तथा यह कानून भी बन चुकी है।भाजपा ने 16 अप्रैल 2026 को जो विधेयक संसद में प्रस्तुत किया 131वां संविधान संशोधन अधिनियम इसमें महिला आरक्षण के संदर्भ में नहीं भाजपा महिला आरक्षण को मुखौटा बनाकर परिसीमन संशोधन बिल तथा केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन बिल को पास करवाना चाहती थी।सरकार ने 131वां संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में प्रस्तुत किया-संसद में जो विधेयक गिरा उसमें इस विधेयक में लोकसभा परिसीमन की सीटें 850 करने का प्रस्ताव था राज्यों में 815 सीटें तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 35 सीटेंथी परिसीमन विधेयक जिसमें परिसीमन के लिये 2011 की जनगणना को आधार बनाने की बात की गयी थी। विधेयक में पांडुचेरी, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर के कानूनों में संशोधन की बात की गयी थी ताकि परिसीमन और महिला आरक्षण विधेयक लागू किया जा सके।

PCC प्रवक्ता शिल्पा देवांगन ने आगे कहा भाजपा सरकार का परिसीमन बिल पर देश के अन्य राज्यों को आपत्ति थी, भाजपा आरक्षण सामने रख कर परिसीमन बिल पास करना चाहती है।भाजपा 2011 के जनगणना को आधार मान कर परिसीमन करना चाहती है।जब 2026-27 की जनगणना शुरू है तथा सरकार जाति जनगणना की भी मात कर चुकी है तो जनगणना के बाद आये नये आंकड़ों के आधार पर परिसीमन क्यों नहीं कराया जा रहा ?महिला आरक्षण बिल को यदि तुरंत लागू करना है तो परिसीमन का इंतजार किये बिना वर्तमान सदस्य संख्या में ही 33 प्रतिशत का आरक्षण क्यों नहीं देना चाहती सरकार? कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल इसके लिए तैयार है।सरकार 2023 के महिला आरक्षण बिल नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन कर महिला आरक्षण को तुरंत लागू कर सकती थी उसने ऐसा क्यों नहीं किया ?जबकि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 जो कानून बन चुका है 2036 से मूर्त रूप लेगा संशोधन से तुरंत लागू हो जाता।भाजपा की मंशा महिला आरक्षण की नहीं अपने मनमुताबिक सीटों के परिसीमन की थी जो विपक्षी दलों की एक जुटता से पूरा नहीं हो चुका।

PCC प्रवक्ता शिल्पा देवांगन ने कहा पंचायतों एवं स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण मिल रहा तो यह भी कांग्रेस की नीतियों से संभव हो पाया। सबसे पहले राजीव गांधी ने 1989 के मई महीने में पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। वह विधेयक लोकसभा में पारित हो गया था लेकिन सितंबर 1989 में राज्यसभा में पास नहीं हो सका। अप्रैल 1993 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक को फिर से पेश किया। दोनों विधेयक पारित हुए और कानून बन गए। महिलाओं के लिए संसद और राज्यों की विधानसभाओं में एक तिहाई आरक्षण के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह संविधान संशोधन विधेयक लाए। विधेयक 9 मार्च 2010 को राज्यसभा में पारित हुआ। कांग्रेस की सरकारों के प्रयास से ही आज देशभर में पंचायतों और नगर पालिकाओं में 15 लाख से अधिक निर्वाचित महिला प्रतिनिधि हैं।सीटों के परिसीमन का भाजपा का षड़यंत्र विफल हो गया है, अत: वह महिला आरक्षण के नाम पर पूरे देश में भ्रम फैला रही है। इस दौरान उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, महामंत्री अभिषेक नायडू, अनुराग महतो,सुनीता सिंह,सुषमा सुता,जावेद

## संक्षिप्त समाचार

### चाकू दिखाकर धमकी देने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, बोधघाट पुलिस की त्वरित कार्रवाई



**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** जगदलपुर में बोधघाट पुलिस ने गुंडागर्दी और धमकी देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दोनों ही मामलों में आरोपियों द्वारा परिजनों को गाली-गलौज करते हुए धारदार चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई थी। पहले मामले में नया मुंडा निवासी 19 वर्षीय संजू श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया गया, जो नशे की हालत में अपने माता-पिता को लगातार प्रताड़ित कर रहा था। वहीं दूसरे मामले में संजय गांधी वार्ड निवासी 22 वर्षीय सूरज कश्यप को गिरफ्तार किया गया, जिसने अपने परिजनों को जान से मारने की धमकी दी थी। दोनों आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

### नगर पंचायत शिवनंदनपुर के आम निर्वाचन हेतु रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ नगरपालिका निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 13 एवं नियम 14 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत शिवनंदनपुर के आम निर्वाचन 2026 के लिए नगर पंचायत शिवनंदनपुर के लिए श्रीमती शिवानी जायसवाल (अनुविभागीय अधिकारी) को रिटर्निंग ऑफिसर, श्रीमती मीना सिंह नयाब तहसीलदार व सीएमओ नगर पंचायत शिवनंदनपुर को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

### पोको ने पेश की पोको सी 81 सीरीज़: रोज़ाना के उपयोग के लिए बड़ा डिस्प्ले और भरोसेमंद प्रदर्शन

**बेंगलुरू:** पोको, आज के टेकी युवाओं के बीच मशहूर लोकप्रिय ब्रांड, ने आज पोको सी 81 सीरीज़ को लॉन्च करने की घोषणा की है। इस सीरीज़ में पोको सी 81 और पोको सी 81 एक्स शामिल हैं। भरोसेमंद प्रदर्शन, बड़ा शानदार डिस्प्ले और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी प्रदान करने के लिए बनाई गई, यह नई सीरीज़ उपयोगकर्ताओं की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करेगी। रोज़ाना के मनोरंजन के लिए बड़ा और शानदार डिस्प्ले पोको सी 81 सीरीज़ में बड़ी और आकर्षक स्क्रीन दी गई है, जो आपके रोज़ के देखने के अनुभव को और मज़ेदार बनाती है। पोको सी 81 में 6.9 इंच की एचडी प्लस स्क्रीन है, जबकि पोको सी 81 एक्स में 6.88 इंच की एचडी प्लस स्क्रीन दी गई है। दोनों फोन इंटरनेट चलाने, वीडियो देखने और सोशल मीडिया के लिए शानदार तस्वीर देते हैं। 120 हट्र्ज़ की तेज़ स्क्रीन रिफ्रेश दर की वजह से स्क्रॉलिंग बिल्कुल चिकनी रहती है और फोन तुरंत प्रतिक्रिया देता है, जिससे इस्तेमाल का अनुभव काफी बेहतर हो जाता है। लंबे समय तक इस्तेमाल के दौरान आंखों पर ज़ोर न पड़े, इसके लिए इन स्क्रीन को टीयूवी रेनलैंड ने प्रमाणित किया है। इन्हें कम नीली रोशनी, झिलमिलाहट से मुक्ति और शरीर की नींद की लय के अनुकूल (सर्केडियन फ्रेंडली) बनाया गया है। रोज़मर्रा की ज़रूरतों के लिए भरोसेमंद प्रदर्शन पोको सी 81 रोज़ के काम के लिए एकदम सहज और तेज़ अनुभव देता है। इस फोन में 2 साल के OS अपडेट और 4 साल के सुरक्षा अपडेट मिलते हैं, जो इसे लंबे समय तक काम का बनाए रखते हैं। उपयोगकर्ता की सुविधा के लिए लंबे समय तक चलने वाली बैटरी पोको सी 81 सीरीज़ में बड़ी बैटरी दी गई है जो पूरे दिन बिना रुके साथ देती है, और एक बार चार्ज करने पर ये फोन करीब 2 दिन तक चलते हैं। दोनों फोन बॉक्स में मिले चार्जर के साथ 15 वॉट की तेज़ चार्जिंग (फास्ट चार्जिंग) को सपोर्ट करते हैं। साथ ही 7.5 वॉट की रिवर्स चार्जिंग की सुविधा भी है, जिससे दूसरे फोन या सामान भी चार्ज किए जा सकते हैं। कैमरे का जबरदस्त अनुभव फोटोग्राफी की बात करें तो पोको सी 81 सीरीज़ रोज़मर्रा के इस्तेमाल के लिए अच्छे कैमरे से लैस है। पोको सी 81 में 13मेगा पिक्सल का दोहरा एआई कैमरा है, जो अलग-अलग परिस्थितियों में बेहतर तस्वीरें खींचता है।

# संपादकीय

## लोगों के मन पर संदेह

सवाल यह नहीं है कि निर्वाचन प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष है या नहीं। प्रश्न है कि इसको लेकर लोगों के मन में संशय क्यों है? शक भरे माहौल के कारण ही राजनीतिक गुटों के लिए लोगों को भड़काना आसान हो गया है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले माहौल अशांत और अराजक किस्म का है। लोगों के मन पर संदेह और आशंकाओं का साया है। इसकी ही मिसाल मालदा जिले में कलियाचक में देखने को मिली। वहां विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद तैयार मतदाता सूची पर आई आपत्तियों को निपटाने के काम में लगे न्यायिक अधिकारियों को प्रखंड कार्यालय में दस घंटों तक भीड़ ने बंधक बनाकर रखा। अहम मुद्दा यह नहीं है कि इसके पीछे किसका हाथ था। काबिल-ए-गौर यह है कि वहां महिलाओं और बच्चों समेत ऐसी भीड़ जुटी, जिसके आक्रोश से न्यायिक अधिकारियों को बचाने में घंटों लग गए। सुप्रीम कोर्ट ने उचित ही इस पर नाराजगी जताई। मगर, इसके लिए सिर्फ स्थानीय अधिकारियों को जवाबदेह मानना सही नहीं होगा। असल उत्तरदायित्व निर्वाचन आयोग का है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से आयोग ने राज्य में अफसरों के रिकॉर्ड- 480 से अधिक- तबादले किए हैं। इसलिए ऊपर से नीचे तक जो भी अधिकारी तैनात हैं, कर्त्तव्य निर्वहन में उनकी खामी का सर्वोच्च दायित्व आयोग पर जाता है। बहरहाल, उससे भी बड़ा मसला एसआईआर को जिस तरह किया गया, वो है। इस पर दस लाख आपत्तियां आईं, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट के दबाव में जल्दबाजी में निपटाया गया। नतीजतन, ये धारणा बनी कि आयोग ने अपना काम ठीक से नहीं किया है। इसी कारण विधानसभा चुनाव को लेकर तमाम तरह की 'साजि़शाना कहानियों' को बल मिला है। सवाल यह नहीं है कि निर्वाचन प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष है या नहीं। प्रश्न है कि इसको लेकर लोगों के मन में संशय क्यों है? शक के ऐसे ही माहौल के कारण राजनीतिक गुटों के लिए लोगों को भड़काना आसान हो गया है। राज्य में माहौल कैसा है, इसकी कुछ झलक सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियों से भी मिली है। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि न्यायालय का हस्तक्षेप भी उन कारणों को दूर नहीं कर पाया, जिनकी वजह से चुनाव प्रक्रिया को लेकर अविश्वास का माहौल बना है। अत: निर्वाचन आयोग की जवाबदेही तय किए जाने की जरूरत है, जिसके तौर-तरीकों से भारत के चुनावों की साख पर सवाल गहराते जा रहे हैं।

# अब भारत में बढ़ी महंगाई की चुनौती

डा. जयंतीलाल भंडारी




उम्मीद करें कि सरकार अमरीका-ईरान टकराव के बीच महंगाई नियंत्रण के लिए और अधिक रणनीतिक कदमों के साथ आगे बढ़ेगी। कच्चे तेल के लिए रूस और वेनेजुएला से आपूर्ति का रुख और बढ़ाया जाएगा। सरकार के द्वारा खाद्य तेल के आयात शुल्क में कमी सहित उर्वरकों की उपयुक्त आपूर्ति के लिए दृढ़तापूर्वक आगे बढ़ा जाएगा। रिजर्व बैंक के द्वारा आवश्यक होने पर मौद्रिक नीति सख्त करते हुए वर्तमान 5.25 प्रतिशत की नीतिगत ब्याज दर (रेपो रेट) को बढ़ाया जाएगा यकीनन इस समय पश्चिमी एशिया में संघर्ष का असर भारत में महंगाई बढने के रूप में भी दिखाई देने लगा है। कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि, माल ढुलाई के महंगा होने और तेल आपूर्ति बाधाओं के कारण दुनिया के साथ-साथ भारत में भी महंगाई बढ़ रही है। यद्यपि भारत में महंगाई अमरीका सहित दुनिया के अधिकांश देशों में तेजी से बढ़ती हुई महंगाई से बहुत कम है, लेकिन इस महंगाई का भारत की आर्थिकी और आम आदमी पर असर दिखाई देने लगा है। हाल ही में 13 अप्रैल को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार मार्च 2026 में खुदरा महंगाई दर बढक़र 3.4 प्रतिशत हो गई, जो फरवरी में 3.21 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा महंगाई दर 3.63 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि शहरी क्षेत्रों में खुदरा महंगाई दर 3.11 प्रतिशत रिकॉर्ड की गई है। इसी प्रकार 15 अप्रैल को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार मार्च 2026 में थोक महंगाई दर बढक़र 3.88 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई। यह फरवरी माह में 2.13 प्रतिशत के स्तर पर थी। स्थिति यह है कि थोक मूल्य की यह महंगाई 38 महीने के उच्चतम स्तर पर है। नि:संदेह खाड़ी देशों से आयातित कच्चे माल के महंगे होने और ईंधन, बिजली व गैस की कीमतों में वृद्धि से आम आदमी के जीवन से जुड़ी वस्तुएं, रसोई से लेकर कपड़े और घरेलू उपकरण आदि महंगे हुए हैं। खास तौर से आयातित पेट्रोकेमिकल से जुड़े कच्चा माल के महंगे होने से पेंट सहित विभिन्न उत्पादों की कीमतें अधिक बढ़ी हैं। साबुन, पेस्ट, बिस्किट जैसे एफएमसीजी प्रोडक्ट्स बनाने वाली कई कंपनियां पैकेट छोटे करने की रणनीति पर भी आगे बढ़ी हैं। इतना ही नहीं, देश में महंगाई बढने की एक नई चिंता यह भी है कि हाल ही में 13 अप्रैल को भारतीय मौसम विभाग ने अल नीनो के कारण 2026 में सामान्य से कम मॉनसून का अनुमान लगाया है, जिससे कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर असर पड़ सकता है। गौरतलब है कि भारतीय मौसम विभाग ने वर्ष 2023 के बाद पहली बार बारिश के दीर्घकालिक औसत (एलपीए) के 92 प्रतिशत रहने की संभावना बताई है। यह पूर्वानुमान 5 फीसदी अधिक या कम की मॉडल त्रुटि के साथ जारी किया गया है। यद्यपि पिछले आंकड़े बताते हैं कि सामान्य से कम मॉनसून वाले वर्षों में जब बारिश का समय, वितरण और फैलाव समान रहा तब खरीफ का उत्पादन कम नहीं हुआ, किन्तु गैर-सिंचित क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर उगाई जाने वाली दलहन और तिलहन जैसी फसलों के लिए जोखिम हो सकती है। साथ ही दलहन और तिलहन का कम उत्पादन खाद्य मुद्रास्फीति पर असर डाल सकता है। ऐसे में महंगाई नियंत्रण के लिए राहत और सुधारों को तेजी से लागू करने की बहुआयामी रणनीति के साथ आगे बढना होगा। यह उल्लेखनीय है कि हाल ही में वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों व वैश्विक संगठनों की रिपोर्टों में अमरीका और ईरान के बीच टकराव के लंबा खींचने पर भारत की विकास दर में कमी और महंगाई के बढने के अनुमान प्रस्तुत किए गए हैं। वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पश्चिम एशिया में युद्ध और ऊर्जा कीमतों व आपूर्ति बाधाओं के कारण भारत में विकास दर धीमी हो सकती है और महंगाई बढ़ सकती है। मूडीज रेटिंग्स ने भारत की विकास दर के अनुमान को घटाते हुए चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 6 प्रतिशत कर दिया, जो पहले 6.8 प्रतिशत आंका गया था। मूडीज ने चालू वित्त वर्ष में औसत महंगाई दर 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया, जो 2025-26 के 2.4 प्रतिशत से अधिक है। ऐसे में महंगाई दर के भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा निर्धारित चार प्रतिशत के लक्ष्य दायरे से ऊपर जाना चुनौतीपूर्ण होगा। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश के आम आदमी को युद्ध के संकट के बीच महंगाई से बचाने के मद्देनजर सरकार रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ी है। इसके मद्देनजर पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रखने के लिए उत्पाद कर में 10 रुपए प्रतिलीटर की कटौती किए की गई ताकि महंगाई को काबू में रखा जा सकेगा। आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू किया गया है। देश की सभी तेल रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं। सरकार के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। साथ ही, पेट्रोल और डीजल की बाजार में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जा रही है। रोजाना करीब 50 लाख गैस सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। ऑनलाइन बुकिंग 97 प्रतिशत है। ब्लैक मार्केटिंग रोकने के लिए डिलिवरी ऑथेंटिकेशन की व्यवस्था की गई है। दुनिया में तेजी से बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों के बीच भी देश में सरकारी तेल कंपनियों के द्वारा सामान्य पेट्रोल-डीजल की कीमतें नहीं बढ़ाई गई हैं। वैश्विक तेल संकट को देखते हुए सरकार ने 11 अप्रैल को निर्यात किए जाने वाले डीजल और हवाई ईंधन (एटीएफ) पर निर्यात शुल्क 34 रुपए बढ़ा दिया है ताकि देश में ईंधन की कमी न हो और कीमतें काबू में रहें। सरकार ने महंगाई को नियंत्रित रखने तथा आम आदमी पर इसके प्रभाव को कम से कम करने के मद्देनजर आवश्यक खाद्य वस्तुओं के लिए बफर स्टॉक बढ़ाने, खुले बाजार में खरीदे गए खाद्यान्न की रणनीतिक बिक्री करने और जरूरी आयात की सुविधा जैसे कई रणनीतिक कदम उठाए हैं। नि:संदेह सरकार के द्वारा महंगाई नियंत्रण के लिए की गई विभिन्न आर्थिक और कूटनीतिक पहलों के लाभ मिले हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस युद्ध से निर्मित महंगाई की चुनौती के बीच कुछ अहम बुनियादी बातें भारत के लिए महंगाई नियंत्रण की शक्ति बन गई हैं। इस समय भारत के पास विशाल खाद्यान्न भंडार और जरूरत की दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक आर्थिक अनुकूलताओं के रूप में दिखाई दे रहा है। पिछले वर्ष 2024-25 में भारत में 35.70 करोड़ टन खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है और इस वर्ष 2025-26 में इससे भी अधिक खाद्यान्न उत्पादन की संभावना है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास केंद्रीय पूल में मार्च 2026 के अंत तक लगभग गेहूं और चावल का 600 लाख टन से अधिक का उपलब्ध स्टॉक खाद्य सुरक्षा के मामले में भारत की मजबूती है। इस समय देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। इतना ही नहीं, महंगाई की किसी भी चुनौती से निपटने के लिए भारत के पास 10 अप्रैल तक 700 अरब डॉलर से अधिक के विदेशी मुद्रा कोष की शक्ति भी है। उम्मीद करें कि सरकार अमरीका-ईरान टकराव के बीच महंगाई नियंत्रण के लिए और अधिक रणनीतिक कदमों के साथ आगे बढ़ेगी। कच्चे तेल के लिए रूस और वेनेजुएला से आपूर्ति का रुख और बढ़ाया जाएगा। सरकार के द्वारा खाद्य तेल के आयात शुल्क में कमी सहित उर्वरकों की उपयुक्त आपूर्ति के लिए दृढ़तापूर्वक आगे बढ़ा जाएगा। रिजर्व बैंक के द्वारा आवश्यक होने पर मौद्रिक नीति सख्त करते हुए वर्तमान 5.25 प्रतिशत की नीतिगत ब्याज दर (रेपो रेट) को बढ़ाया जाएगा।

## आलेख

# पश्चिम बंगाल में माइनोरिटी, मेजॉरिटी,मसल्स,मनी,मैनेजमेंट ममता और मोदी का चुनाव है

अजय दीक्षित

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव एक साधारण चुनाव नहीं है जिसमें सत्ता की लड़ाई हो। दो विचारों, अस्मिता, बर्चस्व, अस्तित्व की संघर्ष की लड़ाई यहां से बंगाल कहां जाएगा यह तय होगा। सही मायनों माइनोरिटी, मेजॉरिटी, मसल्स, मनी, मैनेजमेंट, ममता और मोदी की लड़ाई है।294 सदस्यीय विधानसभा सीटों में से 142 पर 23 को अप्रैल वोट डाले जाएंगे। गार्जियन के चीफ एडिटर चित्रा घोष कहती है कि इस बार भारतीय जनता पार्टी बहुत ही सादे भेष में चुनाव लड़ रही है। उसने 2021तरह इस बार ममता बनर्जी को बिना नाम लिए सरकार पर हमला किया है उल्लेखनीय है कि ममता बनर्जी ने बंगाल से सीपीएम जैसी कादर आधारित पार्टी 2011के विधानसभा चुनाव में उखाड़ दिया था लेकिन 2006 विधानसभा चुनाव में तुड़मूल कांग्रेस ने केवल 35 सीट प्राप्त की थी।तब बंगाल में सीपीएम सीपीई की सरकार बनी थी लेकिन 2010 में मुख्यमंत्री बासुदेव भट्टाचार्य ने टाटा को कार बनाने के लिए नंदीग्राम में जगह दी थी वही से ममता बनर्जी का राजनीतिक उदय हुआ।2011 में सीपीएम विधानसभा चुनाव हार गई । हिंदू के संपादक जयंत घोषाल कहते हैं कि 2026 का विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी का चुनाव है।2021 में भारतीय जनता पार्टी ने 40 प्रतिशत वोट हासिल किए और 77 विधायक चुने गए। तुड़मूल कांग्रेस ने 200 से अधिक सीट प्राप्त किया। कभी ब्रिटिश राज्य की राजधानी रही कोलकाता को महलों , इमारतों का शहर माना जाता है। ब्रिटिश राज्य सबसे पहले बंगाल में कायम हुआ । क्लाइव राइस ने 1757 में प्लासी की लड़ाई में बंगाल के नबाब सिराजुद्दौला को हरा कर ब्रिटिश राज्य की स्थापना की तत्कालीन समय में बंगाल में आज का बांग्लादेश,असम,उड़ीसा, बिहार, झारखंड और पूर्वोत्तर राज्यों का का समूह था ।इसकी राजधानी मुर्शिदाबाद थी लेकिन ब्रिटिश ने कलकत्ता बनाई और एक किला भी बनाया जो शासन केंद्र था इसमें ब्रिटिश फौज रहती थी जिसका नाम था फोर्ट विलियम। मंगल पांडे ने इसी बंगाल की धरती से ब्रिटिश राज्य के खिलाफ बैरिक पुर से आजादी का बिगुल बजा दिया था 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम शुरू हुआ।आजादी के समय कांग्रेस ही मुख्य पार्टी थी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, खुदीराम बोस, रामकृष्ण परमहंस,शिशिर बसु, अरविंद घोष, विधानचंद्र राय, विपिन चंद्र पाल,जैसे नेता हुए । कोलकाता एक बहुआयामी नगर था जिससे ओद्योगिक इकाई थीं।मालदा, बहरामपुर,ढाका,में रेशम और पटसन का काम था। जुट उद्योग बहुत प्रसिद्ध था । लेफ्ट पार्टियों के शासन में 37 वर्षों में सब समाप्त हो गया रोज रोज के ट्रेड यूनियनों के धरनों से उद्योगों को बंद कर दिया। तुड़मूल ने कोई प्रयास नहीं किया। पश्चिमी बंगाल का विकास ,50 वर्षों से रुका हुआ है। बेरोजगारी, पलायन ही यहां की नियति है।युवा दिल्ली,मुंबई, रांची, गोहाटी जाने के लिए बाध्य है। बिहारी,बंगाली,भारत में मजदूर है। चिकित्सा, पढ़ाई के स्थापित कॉलेज भी राजनीत का शिकार हैं। लेफ्ट की रिजिम को हटाने के लिए राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री रहते बहुत प्रयास किया था क्योंकि तत्कालीन समय में ममता बनर्जी कांग्रेस में ही थीं लेकिन असफल रहे । लेफ्ट पार्टियों ने गांव गांव नेक्सस था । शासकीय योजनाओं पर उनका कब्जा रहता था। लेफ्ट विधानसभा चुनाव में बूथ को जाम कर अपने वोट डाल देती थीं भारत में सबसे अधिक गैर कानूनी काम, घुसपेठ,बंगाल में ही होती है।यहां सर्वाधिक 35 फीसदी मतदाता मुस्लिम है। इस बार की लड़ाई उसी माइनोरिटी से मेजॉरिटी करना चाहती है भारतीय जनता को। मसल्स, मनी, मैनेजमेंट तो भारतीय जनता पार्टी तुड़मूल कांग्रेस से अच्छा कर लेगी लेकिन लड़ाई ममता बनर्जी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच है बंगाल में ।

# रेल पटरियों का आधुनिकीकरण

अश्विनी वैष्णव

भारत में हर दिन 25,000 से अधिक ट्रेनें चलती हैं। वे प्रतिदिन 2 करोड़ से अधिक यात्रियों को ले जाती हैं और कोयला, लौह अयस्क, अनाज, स्टील, सीमेंट तथा अन्य वस्तुओं की बड़ी मात्रा को 1,37,000 किलोमीटर से अधिक लंबे रेल नेटवर्क पर एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाती हैं। पूरी व्यवस्था जिस आधार पर काम करती है, वह रेल पटरी है। जब पटरी अच्छी स्थिति में होती है, तब ट्रेनें सुरक्षित रूप से अधिक गति से चलती हैं। लेकिन जब पटरी खराब होती है, तो इसके परिणाम गति पर रोक, देरी और सुरक्षा संबंधी जोखिम के रूप में सामने आते हैं। रेल की पटरी में दरार, कोई ढीला पुर्जा या गिट्टी की परत में रुकावट, इनमें से कोई भी चीज ट्रेन की चाल को प्रभावित कर सकती है। रेल पटरियों के महत्व को ध्यान में रखते हुए, भारतीय रेलवे ने एक दशक से अधिक समय पहले व्यापक आधुनिकीकरण कार्यक्रम शुरू किया। इस कार्य में आधुनिक मशीनों से पटरियों का नवीनीकरण, उन्नत तरीकों से जांच और निरीक्षण, मशीनीकृत रखरखाव, सुरक्षा बाड़बंदी आदि शामिल थे। इन सभी प्रयासों ने मिलकर रेल नेटवर्क की स्थिति को स्पष्ट रूप से बदल दिया है। 2014 से अब तक लगभग 55,000 किलोमीटर पटरियों का नवीनीकरण किया गया है, जिससे सुरक्षा और यात्रा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है तथा बार-बार मरम्मत की आवश्यकता कम हुई है। लगभग 44,000 ट्रैक किलोमीटर में 260 मीटर लंबे रेल पैनल बिछाए गए हैं। लंबे पैनलों का अर्थ है कम जोड़, जिससे ट्रेनों की आवाजाही अधिक सुगम और सुरक्षित होती है। अब 80,000 ट्रैक किलोमीटर से अधिक हिस्से में मजबूत 60 किलोग्राम वाली रेल पटरियों का उपयोग हो रहा है, जो अधिक भार और तेज गति का समर्थन करती हैं। मजबूत रेल पटरी बिछाना जरूरी है, लेकिन समय रहते खराबी पकड़ना भी उतना ही जरूरी है। छिपी हुई दरारों को खोजने के लिए अल्ट्रासोनिक जांच की गई है। इसके तहत करीब 36.2 लाख ट्रैक किलोमीटर और 2.25 करोड़ वेल्ड की जांच हुई। इससे रेल और वेल्ड टूटने की घटनाएं करीब 90 प्रतिशत तक कम हो गई हैं। यानी अब खराबी होने के बाद उसे ठीक करने के बजाय पहले ही पकड़कर रोक लिया जाता है। अब रेलवे में दूसरी आधुनिक जांच तकनीकें भी इस्तेमाल हो रही हैं। नई वेल्ड की जांच के लिए चुंबकीय जांच, फ्लैश-बट वेल्ड की जांच के लिए नई मशीनें और जीपीएस से जुड़ी ऐसी व्यवस्था लगाई गई है, जो ट्रेन की यात्रा की गुणवत्ता मापती है और पटरी के खराब हिस्से की सही जगह बता देती है। भारतीय रेलवे की ट्रैक मशीनों की संख्या 2014 में 748 थी, जो 2026 में बढ़कर 1,785 हो गई है। ये मशीनें पटरी को ठीक करने, गिट्टी साफ करने और रेल को घिसकर बराबर करने का काम हाथ से होने वाले काम की तुलना में ज्यादा तेज, बेहतर और एक समान तरीके से करती हैं। पटरी के नीचे बिछी गिट्टी की परत को साफ करने में मशीनों ने बड़ा फर्क पैदा किया है। यही गिट्टी पानी निकालने, कंपन कम करने और पटरी को मजबूत बनाए रखने का काम करती है। लेकिन समय के साथ ट्रेनों के लगातार वजन और कंपन से ये पत्थर टूटकर पाउडर जैसे हो जाते हैं। इससे गिट्टी की परत जाम हो जाती है और वह ठीक से काम नहीं कर पाती। इसलिए गिट्टी की सफाई की जाती है, ताकि प री फिर से सही हालत में आ जाए। यह काम एक लाख किलोमीटर से ज्यादा रेल पटरियों पर किया जा चुका है और ज्यादातर काम मशीनों से हुआ है। इसी तरह पटरी की ऊपरी सतह की खराबी दूर करने के लिए भी एक लाख किलोमीटर से ज्यादा रेल की ग्राइंडिंग की गई है। इससे ट्रेन का सफर ज्यादा आरामदायक और सुरक्षित हुआ है। हर साल ट्रेनों की संख्या बढ़ रही है, इसलिए ट्रेनों के बीच रखरखाव के लिए मिलने वाला समय कम होता जा रहा है। ऐसे में मशीनों की मदद से कम समय में ज्यादा काम हो जाता है और ट्रेन सेवाएं भी प्रभावित नहीं होतीं। लेकिन सुरक्षा सिर्फ पटरी पर नहीं, बल्कि वहां भी जरूरी है जहां ट्रेनें लाइन बदलती हैं। इसलिए भारतीय रेलवे ने पटरी बदलने के साथ कई दूसरे सुधार भी किए हैं। करीब 17,500 किलोमीटर तक सुरक्षा के लिए बाड़ लगाई गई है, खासकर उन जगहों पर जहां ट्रेनें 110 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा रफ्तार से चलती हैं। इससे लोगों और जानवरों के पटरी पर आने की घटनाएं कम होती हैं। जहां ट्रेनें एक लाइन से दूसरी लाइन पर जाती हैं, वहां 36,000 नए और मजबूत स्विच लगाए गए हैं और 7,500 खास तरह के क्रॉसिंग लगाए गए हैं। ये ज्यादा समय तक चलते हैं और ट्रेन को बिना झटके के गुजरने देते हैं। 2019 से चौड़े और भारी स्लीपर लगाए जा रहे हैं, जिससे पटरी ज्यादा मजबूत रहती है, खासकर गर्मियों में। पुलों पर भी मजबूत स्लीपर लगाए गए हैं और यार्ड के अंदर लंबी वेल्ड वाली पटरियां बिछाई गई हैं। इससे पूरा रेलवे नेटवर्क और मजबूत हुआ है। रेल पटरियों के आधुनिकीकरण का सबसे साफ असर ट्रेनों की रफ्तार बढ़ने की क्षमता के रूप में दिखाई देता है। 130 किलोमीटर प्रति घंटे या उससे ज्यादा रफ्तार के लिए तैयार रेल पटरी का हिस्सा पहले सिर्फ 6 प्रतिशत था, जो अब बढ़कर करीब 23 प्रतिशत हो गया है। इसी तरह 110 किलोमीटर प्रति घंटे या उससे ज्यादा रफ्तार वाली पटरी पहले करीब 40 प्रतिशत थी, जो अब 80 प्रतिशत तक पहुंच गई है। इससे सफर का समय कम हुआ है, ट्रेनें ज्यादा समय पर चल रही हैं और वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी तेज ट्रेनें चलाना आसान हुआ है। इन सुधारों का असर सुरक्षा पर भी दिखा है। 2014-15 में 135 बड़े रेल हादसे हुए थे, लेकिन 2025-26 में यह संख्या घटकर सिर्फ 16 रह गई। यानी हादसे लगभग 89 प्रतिशत कम हो गए। हर 10 लाख किलोमीटर चलने वाली ट्रेनों पर हादसों की दर भी 0.11 से घटकर 0.01 हो गई है। यह लगभग 90 प्रतिशत सुधार है। खास बात यह है कि ट्रेनों और यात्रियों की संख्या बढ़ने के बावजूद हादसे कम हुए हैं।

# पर्वतीय विकास के लिए कौन से मानदंड जरूरी

डा. ऋतंभरा उपाध्याय

प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली, सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम और कुशल आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र जीवन बचा सकते हैं और नुकसान को कम कर सकते हैं। बहरहाल, प्रदेश को टिकाऊ विकास की जरूरत है। प्रकृति की सीमाओं का सम्मान जरूरी है हिमालय की गोद में बसा हिमाचल प्रदेश अपनी प्राकृतिक सुंदरता और पारिस्थितिक संपदा के लिए लंबे समय से प्रशंसित रहा है। फिर भी, हाल के वर्षों में, राज्य की पहचान एक अलग ही वास्तविकता से होने लगी है- बार-बार होने वाले भूस्खलन, अचानक बाढ़ और बादल फटने जैसी आपदाएं एक गंभीर प्रश्न खड़ा कर रही हैं। क्या इतने संवेदनशील क्षेत्र में विकास को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसका उत्तर विकास को अस्वीकार करने में नहीं, बल्कि उसे पुनर्परिभाषित करने में निहित है। हिमाचल प्रदेश को विकास की आवश्यकता है, लेकिन ऐसे विकास की जो पहाड़ों की भौगोलिक संवेदनशीलता और जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न बढ़ते जोखिमों के अनुरूप हो। 2023 का मानसून एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। शिमला, मंडी और कुल्लू जैसे जिलों में भारी बारिश के कारण व्यापक तबाही हुई। यह सिलसिला यहीं नहीं रुका। 2024 में, बार-बार बादल फटने और अचानक आई बाढ़ ने कुल्लू और मंडी जैसे क्षेत्रों को प्रभावित किया। एक बड़ी घटना में चार लोगों की मौत हो गई और लगभग 49 लोग लापता हो गए, जबकि पूरे मौसम में 50 से अधिक आपदाएं दर्ज की गईं और कम से कम 23 लोगों की जान गई। बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान ने एक बार फिर दैनिक जीवन और आर्थिक गतिविधियों को बाधित कर दिया। 2025 तक, संकट एक नियमित चक्र में तब्दील हो चुका था। अकेले मानसून के मौसम में ही 448 लोगों की मौत हो गई। मंडी, कुल्लू और कांगड़ा जैसे जिलों में व्यापक तबाही मची। 2018 से 2025 तक की लंबी अवधि में, राज्य में हजारों भूस्खलन और सैकड़ों बाढ़ की घटनाएं हुईं, जिनसे कुल आर्थिक नुकसान 46000 करोड़ रुपए से अधिक हो गया। ये आंकड़े एक कड़वी सच्चाई को उजागर करते हैं, हिमाचल प्रदेश में आपदाएं अब दुर्लभ घटनाएं नहीं बल्कि एक आम बात बन गई हैं। हालांकि, यह समझना भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि ये केवल प्राकृतिक घटनाएं नहीं हैं। हिमालय की नाजुक भू-आकृति इस क्षेत्र को स्वाभाविक रूप से संवेदनशील बनाती है, लेकिन मानवीय हस्तक्षेप ने जोखिमों को काफी हद तक बढ़ा दिया है।



खड़ी ढलानों पर अनियंत्रित निर्माण, सडक़ विस्तार के लिए अंधाधुंध पहाड़ी कटाई और नदी तटों पर अतिक्रमण ने भूभाग को अस्थिर कर दिया है। प्राकृतिक जल निकासी व्यवस्था बाधित हो गई है, जिससे भारी बारिश के दौरान बाढ़ और भूस्खलन की संभावना बढ़ गई है। विकास को समर्थन देने के लिए निर्मित अवसंरचना कई मामलों में जोखिम को और बढ़ा रही है। इस बिंदु पर, विकास का पूरी तरह से विरोध करना तर्कसंगत प्रतीत हो सकता है। लेकिन ऐसा दृष्टिकोण पर्वतीय राज्य में जीवन की वास्तविकताओं को नजरअंदाज करता है। हिमाचल प्रदेश में विकास विलासिता नहीं, बल्कि एक आवश्यकता है। उदाहरण के लिए, सडक़ें जीवन रेखा हैं जो दूरस्थ समुदायों को स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और बाजारों से जोड़ती हैं। आपदा के समय, ये निकासी और बचाव कार्यों के लिए आवश्यक हैं। इसी प्रकार, पर्यटन और जलविद्युत जैसे क्षेत्र राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं, जो रोजगार और राजस्व प्रदान करते हैं। निरंतर विकास के बिना, राज्य को आर्थिक गतिरोध, बेरोजगारी और ग्रामीण आबादी के बढ़ते अलगाव का खतरा है। इसके अलावा विकास लचीलापन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बेहतर बुनियादी ढांचा, जैसे मजबूत पुल, बेहतर जल निकासी व्यवस्था और पूर्व चेतावनी तंत्र आपदाओं के प्रभाव को कम कर सकते हैं। इस अर्थ में, समस्या विकास स्वयं नहीं है, बल्कि जिस तरीके से इसे वर्तमान में आगे बढ़ाया जा रहा है, वह है। बुनियादी ढांचे का बार-बार विनाश एक गहरे आर्थिक विरोधाभास को भी उजागर करता है। हर साल. सडक़ें फिर से बनाई जाती हैं, पुलों की मरम्मत की जाती है और व्यवस्थाएं बहाल की जाती हैं, लेकिन अगले मानसून में फिर से क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। विनाश और पुनर्निर्माण का यह चक्र न केवल आर्थिक रूप से बोझिल है, बल्कि अस्थिर भी है। हजारों करोड़ रुपए के नुकसान के साथ, यह स्पष्ट है कि अवैज्ञानिक विकास लाभ से कहीं अधिक महंगा साबित हो रहा है। आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है कि हम अनियोजित और तीव्र विस्तार से हटकर सतत और आपदा-प्रतिरोधी विकास की ओर बढ़ें। इसके लिए दृष्टिकोण में मूलभूत परिवर्तन आवश्यक है। वैज्ञानिक भूमि उपयोग नियोजन सभी विकास गतिविधियों का आधार होना चाहिए। आपदा क्षेत्र निर्धारण मानचित्रों के माध्यम से यह निर्धारित किया जाना चाहिए कि निर्माण की अनुमति कहां है और कहां इसे प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं, विशेष रूप से भूस्खलन-संभावित क्षेत्रों में, से पहले विस्तृत भूवैज्ञानिक और भू-तकनीकी आकलन किए जाने चाहिए। निर्माण पद्धतियों में भी बदलाव की आवश्यकता है।

# भव्यातिभव्य जैनेश्वरि दीक्षा संस्कार महोत्सव 24 से 26 अप्रैल

- त्याग ही जीवन का सच्चा वैभव है, संयम ही आत्मा का वास्तविक आभूषण है ... अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागरजी
- तपस्वी संत देंगे अपने साधक भक्तों को जैनेश्वरी दीक्षा






**औरंगाबाद ( विश्व परिवार )।** परतापुर बांसवाड़ा राजस्थानङ्कमूलनायक श्री 1008 नेमिनाथ भगवान व बाबा आदिनाथ भगवान की वरदानी छाँव तले जैनाचार्य पुष्पदंत व विद्यासागर सागर जी महाराज व तपस्वी सम्राट सन्मति सागर महाराज के आशीष से अर्न्तमना आचार्य श्री 108 श्री प्रसन्नसागरजी महाराज के चतुर्विध संघ के पावन सानिध्य में धर्मनगरी परतापुर में भव्य जैनेश्वरी दीक्षा महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। जहां *आयोजक कर्ता श्री दशाहुमड़ दिगम्बर जैन समाज परतापुर, जि. बांसवाड़ा (राज.) की धरा पर भारत के तपस्वी संत अपने शिष्यों को धर्म मार्ग में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेंगे। गौरतलब हे कि तपाचार्य अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज की दीक्षा भुमि भी परतापुर ही है। जो अपने आप में एक संयोग है जहाँ गुरु पुष्पदंत सागर जी ने अपने शिष्य प्रसन्न सागर को दीक्षा के संस्कार दिए थे आज वही शिष्य उसी भूमि पर आचार्य प्रसन्न सागर जी के रूप में अपने शिष्यों के दीक्षा संस्कार करेंगे। इस आयोजन को लेकर गुरुदेव ने कहा कि दीक्षार्थी आत्माओं का सांसारिक जीवन से विरक्ति लेकर संयम, साधना और मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर होने का यह आलौकिक एवं पूण्यमयी अवसर है। क्योंकि त्याग ही जीवन का सच्चा वैभव है, संयम ही आत्मा का वास्तविक आभूषण है। प्रवक्ता नरेंद्र अजमेरा पीयूष कासलीवाल रोमिल पाटणी ने बताया कि होने वाले भव्य जैनेश्वरी दीक्षा समारोह में क्षुल्लक 105 श्री अर्धसागर जी को (मुनि दीक्षा), क्षुल्लिका 105 धर्मप्रभा माताजी को (आर्यिका दीक्षा), दीक्षार्थी संजय भैयाजी को (मुनि दीक्षा) व दीक्षार्थी कनक दीदी (क्षुल्लिका दीक्षा) दी जाएगी।

**आयोजन की मांगलिक क्रियाएं 24 अप्रेल 2026 शुक्रवार से शुरू होगी जहां**

प्रातः 7.30 बजे अभिषेक, शांतिधारा ,प्रातः 8.00 बजे अर्न्तमना प्रवचन दोपहर 3.30 बजे गुरू पूजा सायं 7.00 बजे भक्तिमय आनन्द यात्रा, आरती ,रात्रि 8.00 बजे दीक्षार्थीयों की गोद भराई हल्दी एवं मेहंदी रस्म रात्रि 9.00 बजे नाटीका मंचन संगीत एवं गरबा कार्यक्रम 25 अप्रैल 2026 शनिवार प्रातः 7.00 बजे अभिषेक, शांतिधारा प्रातः 7.30 बजे गणधर वलय विधान प्रातः 8.00 बजे अर्न्तमना प्रवचन दोपहर 3.30 बजे गुरू पूजा रात्रि 8.00 बजे दीक्षार्थियों की बिनौली (शोभा यात्रा) वही 26 अप्रेल 2026 रविवार प्रातः 6.00 बजे अभिषेक, शांतिधारा प्रातः बाद 6.30 बजे भव्य शोभा यात्रा व गुरुदेव द्वारा दीक्षा स्थल मंदीर प्रांगण से सुभाषचन्द्र बोस स्टेडियम, परतापुर में दीक्षार्थियों को जैनेश्वरी दीक्षा प्रदान की जाएगी। संपूर्ण आयोजन के सहयोगी श्री नेमिनाथ नवयुवक मण्डल, श्री चन्दनबाला महिला मण्डल चेलना बहु मण्डल, बेडवाबाबा बालिका मण्डल होंगे ऐसी जानकारी प्रचार प्रसार संयोजक नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद रोमिल पाटणी सोनकच्छ ने दी है।

# महावीर पाटणी को 'कोरोना योद्धा राष्ट्रीय पुरस्कार'



**छत्रपति संभाजीनगर ( औरंगाबाद ) ।** प्रतिष्ठित समाजसेवक महावीर पाटणी को उनके उल्लेखनीय सामाजिक कार्यों के लिए कोरोना योद्धा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान श्री चिन्मयसागर चैरिटेबल ट्रस्ट और वर्ल्ड जैन डॉक्टर्स फोरम की ओर से प्रदान किया गया है, जो उनके निस्वार्थ सेवा भाव और मानवतावादी कार्यों की सराहना करता है।

कोरोना महामारी के कठिन समय में, जब पूरा देश भय और अनिश्चितता के माहौल में था, तब महावीर पाटणी समाज के लिए एक मजबूत सहारा बनकर सामने आए। अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना उन्होंने जरूरतमंदों की मदद की, स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग दिया और सामाजिक समर्थन प्रदान करते हुए अनेक लोगों तक सहायता पहुंचाई।

खंडेलवाल दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने समाज को संगठित करते हुए सेवा कार्यों को नई दिशा दी। उनके नेतृत्व में विभिन्न राहत कार्य संचालित किए गए, जिनका लाभ समाज के अनेक वर्गों को मिला।

यह पुरस्कार केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि संकट के समय उनके द्वारा किए गए कार्यों से प्राप्त असंख्य आशीर्वादों का प्रतीक है। उनका कार्य आज समाज के लिए प्रेरणादायक बन गया है और विशेष रूप से युवाओं को समाजसेवा की ओर प्रेरित कर रहा है। इस उपलब्धि पर पूरे शहर में खुशी का माहौल है और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा उनका अभिनंदन किया जा रहा है। महावीर पाटणी का यह सम्मान छत्रपति संभाजीनगर के लिए भी गर्व की बात है। इस अवसर पर सकल मारवाड़ी महासभा के डॉ. पुरुषोत्तम दरग, डॉ. सन्मति ठोले, श्रीमती किरण पाटणी आदि उपस्थित थे।

# गायत्री नगर में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव 24 घंटे णमोकार अखंड पाठ के साथ शुभारंभ



**जयपुर ( विश्व परिवार )।** श्री दिगंबर जैन मंदिर गायत्री नगर, महारानी फार्म प्रबंध समिति जयपुर के तत्तावधान में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव 24 अप्रैल से 26 अप्रैल 2026, परम पूज्य आचार्य श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज की प्रेरणा व आशीर्वाद से 24 घंटे का अखंड णमोकार महामंत्र का पाठ आज 24 अप्रैल 2026 प्रातः 8꞉00 बजे मांगलिक क्रियाओं के साथ विधानाचार्य पं अजित शास्त्री गायत्री नगर ने एवं तारा चन्द मनोज बोहरा परिवार के साथ समाज द्वारा प्रारंभ कराया । अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद के राष्टीय महामंत्री उदयभान जैन ने अवगत कराया की उक्त कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा , उपाध्यक्ष अरुण शाह, मंत्री राजेश बोहरा, मनोज बोहरा, उदयभान जैन,पुलक मंच की राष्टीय महामंत्री बीना टोंग्या, मुनि वैय्यावृत्ति महिला समूह की अध्यक्ष प्रमिला शाह आदि महानुभावों द्वारा किया गया। पूज्य आचार्य श्री ने गायत्री नगर प्रवास के दौरान विश्व णमोकार महामंत्र दिवस के अवसर पर कहा कि यह महामंत्र 84लाख मन्त्रों का जन्म दाता है, पुण्य संवर्धन का महान स्त्रोत है,आत्म कल्याण का द्योतक है, उन्होंने समाज को 24 घंटे का णमोकार महामंत्र कराने का आह्वान किया उस समय हर घंटे के पाठ करने वाले श्रेष्ठी परिवारों का चयन किया गया। सभा का संचालन अरूण शाह ने करते हुए कहा कि 25 अप्रैल को णमोकार अखंड पाठ के समापन केपश्चात 8.30 से णमोकार विधान का आयोजन रखा गया है एवं रात्रि में 8.00 बजे से युवा विंग द्वारा भक्ति संध्या का आयोजन एवं 26 अप्रैल को प्रातः 7.30 बजे से श्री जी की भव्य रथ यात्रा का आयोजन , मन्दिर जी शिखर में स्थित जिन बिम्बों के अभिषेक आदि कार्यक्रम होंगे।

# भगवान महावीर जैन रिलीफ ट्रस्ट की मुख्यमंत्री से भेंट, शीघ्र फिजियोथेरेपी सेन्टर का निर्माण

- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जमीन देने पर सहमति जताई



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कल रात्रि मुख्यमंत्री निवास में माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी सेभगवान महावीर जैन रिलीफ ट्रस्ट ने सौजन्य भेंट कर फिजियोथेरेपी सेंटर निर्माण के लिए रियायती दर पर जमीन देने आग्रह किया । उपरोक्त भेंट समिति के अध्यक्ष अशोक पगारिया एवं जैन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी संतोष बैद के नेतृत्व में हुई जिसमें भगवान महावीर जैन रिलीफ ट्रस्ट से अध्यक्ष अशोक पगारिया ,सचिव अशोक सेठिया, सदस्य अनिल लोढ़ा , ,योगेश पगारिया शांतिलाल बैद , पारस पारख, जय सांखला शामिल थे माननीय मुख्यमंत्री जी से उपरोक्त भेंट कर उन्हें भगवान महावीर जैन रिलीफ ट्रस्ट के जनहितकारी कार्यों कि जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक 132000 डायलिसिस आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों की मात्र 450 रु में स्ल्ब्द्ध हॉस्पिटल मे की गई है वही 850 मोतियाबंद के ऑपरेशन निःशुल्क अरविंदो नेत्र चिकित्सालय में किया गया है । समिति की और से अध्यक्ष अशोक पगारिया एवं संतोष बैद ने नया रायपुर में मेडी सिटी में फिजियोथेरेपी सेंटर एवं हॉस्पिटल खोलने भूमि रियायती दर पर देने ज्ञापन दिया जिसमें संस्था द्वारा किए गए जनहितकारी कार्यों का भी विवरण है समिति को मेडी सिटी नया रायपुर में रियायती दर पर आवश्यकता अनुसार हॉस्पिटल के लिए जमीन देने की मांग को मुख्यमंत्री जी ने सहर्ष स्वीकार करते हुए शीघ्र ही उचित कार्यवाही करने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए - मुख्यमंत्री जी ने संस्था की जनहितकारी कार्यों की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# बालसभा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन आज

**भिलाई ( विश्व परिवार )।** परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज एवं नवाचार्य श्री 108 समयसागर जी महाराज के दिव्य शुभाशीर्वाद से दिगंबर जैन मंदिर, नेहरू नगर भिलाई में संस्कार एवं ज्ञान बीजारोपण करने धार्मिक पाठशाला का आयोजन प्रत्येक शनिवार को निरंतर किया जाता हैं।

ग्रीष्मकालीन अवकाश के पूर्व अंतिम कक्षा के आयोजन के दौरान आगम के लघु ज्ञाता और संस्कारों से सुसज्जित नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रतिभा को सम्मानित करने एवं उनका उत्साहवर्धन करने हेतु बालसभा व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा हैं।

जैन भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में पाठशाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति, धार्मिक एवं आध्यात्मिक बालसभा, मेधावी बच्चों का सम्मान किया जायेगा।

साथ ही विशेष रूप से कक्षा 10वीं में 90त्न से अधिक नंबर लाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समाज द्वारा किया जायेगा, जिनमें सान्वी जैन, ईशान्या पाटनी, सोमांश जैन व क्षमा जैन को विशेष सम्मान प्राप्त होगा।

दिगंबर जैन सभा नेहरूनगर के अध्यक्ष मनीत जैन व मंत्री सीए क्षितिज जैन सहित आचार्य श्री 108 विद्यासागर पाठशाला के संयोजक अनेकांत जैन, गौरव जैन ने बच्चों के कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु अपील की हैं।

# आवारा मवेशियों पर नियंत्रण के लिए निगम का विशेष अभियान शुरू



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर के मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों में आवारा मवेशियों के कारण नागरिकों को हो रही असुविधा और संभावित दुर्घटनाओं को देखते हुए दुर्ग नगर निगम द्वारा विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। इस पहल का उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

निगम की टीम द्वारा मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर घूम रहे मवेशियों को पकड़ने का कार्य नियमित रूप से दो शिफ्टों में किया जा रहा है। अतिक्रमण टीम ने आज आमदी मंदिर के पीछे सहित विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर काऊ कैचर वाहन की सहायता से मवेशियों को सुरक्षित रूप से पकड़ा। रात के समय होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पकड़े गए मवेशियों को रेडियम पट्टी पहनाई जा रही है, ताकि अंधेरे में भी वे स्पष्ट रूप से दिखाई दें।

## भाजपा मुख्य प्रदेश प्रवक्ता पाण्डेय ने स्व. तिवारी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता व सांसद संतोष पाण्डेय ने



रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष पत्रकार मोहन तिवारी के पिता दिलीप तिवारी के देहावसान पर गहन शोक व्यक्त किया है। भाजपा मुख्य प्रदेश प्रवक्ता व सांसद श्री पाण्डेय ने स्व. तिवारी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि एक परिवार के लिए पिता का साया उठना अपूरणीय क्षति है। स्व. तिवारी एक सरल, सहज और सेवाभावी व्यक्तित्व के धनी थे। उनका मार्गदर्शन न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणादायी रहा। श्री पाण्डेय ने ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजनों को इस वज्रपात को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। भाजपा मीडिया के समस्त प्रदेश प्रवक्ता एवं पैनलिस्ट गण ने भी स्व. तिवारी को अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी है।

# बीएनआई रायपुर एवं रेस्ट ऑफ छत्तीसगढ़ का गौरवपूर्ण क्षण बीएनआई फीनिक्स चैप्टर का भव्य शुभारंभ



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** बीएनआई रायपुर एवं रेस्ट ऑफ छत्तीसगढ़ के लिए आज का दिन अत्यंत गर्व और उपलब्धि का रहा, जब बीएनआई इंडिया का 1495वां तथा रायपुर का 15वां चैप्टर "BNI Phoeni&, Raipur" सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। लॉन्च के साथ ही BNI Phoeni& ने एक नई मिसाल कायम करते हुए छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा बीएनआई चैप्टर बनने का गौरव हासिल किया। इस भव्य शुभारंभ में शानदार सहभागिता और व्यापारिक उपलब्धियां देखने को मिलीं।

लॉन्च के प्रमुख आकर्षण꞉ 53 सक्रिय सदस्य 59 विज़िटर्स की उपस्थिति 102 रेफरल्स का आदान-प्रदान ?4,21,51,550 का प्रभावशाली व्यवसाय सृजन यह उपलब्धि न केवल बीएनआई के मजबूत नेटवर्क और आपसी सहयोग की भावना को दर्शाती है, बल्कि रायपुर के व्यावसायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। इस ऐतिहासिक सफलता के लिए लॉन्च एंबेसडर्स मानसी छुगानी एवं दर्शन झावेरी को विशेष रूप से बधाई एवं धन्यवाद, जिन्होंने अपनी मेहनत, नेतृत्व और समर्पण से इस उपलब्धि को संभव बनाया। बीएनआई Phoeni& का यह शानदार आगाज़ आने वाले समय में और भी बड़े व्यापारिक अवसर, मजबूत नेटवर्किंग और निरंतर विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस प्रोग्राम की जानकारी हमें बी एन आई के सीनियर लॉन्च डायरेक्टर नरेंद्र सिन्हा जी से प्राप्त हुई।

## डिजिटल साक्षरता की दिशा में जिला प्रशासन का मजबूत कदम

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप तथा कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिले में प्रोजेक्ट दक्ष का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत अब तक कुल 265 बैचों में 4500 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। इसी कड़ी में शिक्षा विभाग के कुल 37 सहायक शिक्षक एवं प्रधान पाठकों ने प्रोजेक्ट दक्ष के तहत ट्रेनिंग ली। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य शासकीय कार्यप्रणाली को डिजिटल रूप से सशक्त, पारदर्शी और अधिक प्रभावी बनाना है। प्रशिक्षण के माध्यम से कर्मचारियों को कंप्यूटर एवं मोबाइल के मूलभूत उपयोग, साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता, डिजिटल दस्तावेज़ प्रबंधन तथा ई-मेल जैसे आधुनिक डिजिटल टूल्स की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। प्रोजेक्ट दक्ष से शासकीय कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता में वृद्धि हुई है, जिससे ई-गवर्नेंस को मजबूती मिल रही है और नागरिकों को मिलने वाली सेवाओं की गुणवत्ता व गति में भी सुधार हो रहा है।

# भारत गौरव श्रमणी आर्यिकारत्न विविक्तश्री माताजी का हुआ नगर आगमन

- जैन श्रद्धालुओं ने पलक पांवड़े बिछाकर की गुरुमाँ की आगवानी
- जिला अधिवक्ता संघ ने किया पुष्पवर्षा करके स्वागत



**झाँसी।** महानगर के गांधी रोड स्थित श्री दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मन्दिर में गणाचार्य श्री विरागसागरजी महामुनिराज की शिष्या भारत गौरव श्रमणी आर्यिकारत्न विविक्तश्री माताजी का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। प्रातः काल की बेला में सदर बाजार स्थित जैन मंदिर से आगवानी की भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होकर कचहरी चौराहा, झोकनबाग, गोविंद तिराहा, मिनर्वा, रानीमहल, सुभाषगंज होकर गांधी रोड स्थित श्री दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मन्दिर पहुंची। जहां पूज्य विविक्तश्री माताजी ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि झांसी वासियों का यह परम सौभाग्य हैं कि यहां निरंतर साधु संतों का आगमन होता हैं। रत्नत्रय धर्म ही मोक्ष मार्ग का साधन हैं। हम सबको उसकी आराधना करना चाहिए। इस अवसर पर मुनिश्री मेघदत्त सागर जी महाराज एवं मुनिश्री वृषभ सागर जी महाराज ने भी धर्मसभा में प्रवचन दिए।

शोभायात्रा के दौरान जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एड. प्रमोद शिवहरे के नेतृत्व में महामंत्री एड. छोटेलाल वर्मा, एड. प्रभात शर्मा, एड. सौरभ शिवहरे, व्यापारी नेता राजेश पुरोहित ने पुष्पवर्षा करके स्वागत सत्कार किया। जैन श्रद्धालुओं ने पूज्य माताजी के चरणों का पाद प्रक्षालन, मंगल आरती करते हुए पलक पांवड़े बिछाकर भव्य आगवानी की।

इस अवसर पर श्री दिगम्बर जैन पंचायत समिति के अध्यक्ष अजित कुमार जैन, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी, ऑडिटर राजकुमार भण्डारी, श्री पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन प्रेस, कार्याध्यक्ष कैलाशचंद जैन वर्धमान, मुख्य सलाहकार डॉ जिनेन्द्र जैन, मुख्य कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र जैन बक्सा, संरक्षक राजीव जैन सिर्स, सुभाष जैन %सत्यराज%, अशोक जैन रत्नसेल्स, वरिष्ठ महामंत्री दिनेश जैन डीके, संयोजक मनोज सिंघई, अलंकार जैन उपाध्यक्ष अंकित सर्राफ, ऑडिटर प्रभात जैन कुंजबिहारी, आशीष जैन माची, सचिन सर्राफ, संयोग भण्डारी, पंचायत वरिष्ठ सदस्य सुभाष जैन बिजली, एवं महिला जैन समाज की अध्यक्षा श्रीमती सरोज जैन, कोषाध्यक्षा सुधा सर्राफ, रजनी जैनको, ममता जैन, पिंकी जैन, नेहा जैन, मनीषा सिंघई, सुलेखा नायक, मेघा जैन, प्रिया जैन, ऊषा जैन सदर, रानी जैन कटरा, सीमा नायक, वंदना चौधरी, संजना सर्राफ ने श्रीफल भेंट करके पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में सान्निध्य प्रदान करने हेतु आग्रह किया। इस अवसर पर परम गुरुभक्त संघपति अमन जैन विरागप्रिय, दीपांक सिंघई ,मुनि सेवा संघ से शगुनचन्द्र जैन करगुवां, रवि जैन बिजौली, अशोक जैन नगरा, सुनील जैन गुदरी, अवधेश जैन सोनू, आशीष जैन नगरा एवं गुरु भक्त मिलन से प्रदीप जैन महरौनी, विपिन जैन ओम बिजली, मुकेश जैन होजरी, गुरु सेवा संघ से संरक्षक मनोज जैन अछरौनी, अध्यक्ष श्रेयांश जैन बघेरा, महामंत्री रवि जैन कंधारी, कुलदीप जैन, नवीन जैन पड़रा, राहुल जैन चाय, सुनील जैन दाऊ, विवेक जैन भगतजी, दिव्यांश जैन,आग्रह जैन, शुभम जैन,अंकुर जैन, विनय चौधरी ने मुनिसंघ के पाद प्रक्षालन किए।

**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD.**
(A GOVERNMENT OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB)
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CITY CIRCLE-I, RAIPUR
Website - www.cseb.gov.in Office Mail ID – secc.raipur@cspc.co.in Phone No. 0771-2574800, 2574801 Fax No. 0771-2574805

**NOTICE INVITING TENDER THROGU E-BIDDING**

Online bids are invited through CSPDCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible Electrical contractors. Registered in the O/o E.D. (Project) CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following- work under jurisdiction of S.E. City Circle-I, CSPDCL, Raipur. **Please note that rates quoted shall be exclusive of GST (in both Material and service portions)** The due date for submission/ Opening of the tender is indicated here under: -

| S. N | Tender No. | Name of work | Value of contract (Without GST) | Last date & Time of submission of bids | Due date of Opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TR-2026_10 Dt.24.04.2026 RFX No. 8100051066 | **Estimate for external electrification of residential plots of M/s. Fortune Resources Pvt. Ltd., Director Mr. Rajesh Agrawal for "Swarnabhoomi Phase-4" having load 4628 kw at Kh. No. 233/45, 15000/142, 15005, 15006/1, 15007 Ph. No.-40 Village Amaseoni Raipur under Kachna Zone of City Dn. East Raipur.. 46-63B-5145-2025-010 dt. 16.02.26. R45063250548 & 0549. (63-01-I), Estt. Amt. 9925874.00** | **18,39,757/-** | Dt.14.05.2026 upto 02:30 PM | Dt.14.05.2026 upto 03:00 PM |
| 2 | TR-2026_11 Dt.24.04.2026 RFX No. 8100051067 | **Estimate for as per new SOR-2025-26 for external electrification of 24 Nos. aplications received for DLF connection at Moon Homes Saddu (under developed colony) Raipur Under Daldal Seoni Zone of City Dn. East, CSPDCL, Raipur. 76-064-5145-25-0011 dt. 30.03.26. R45064250842, to R45064250845. (64-02-I), Estt. Amt. 3947186.00** | **11,34,724/-** | Dt.14.05.2026 upto 02:30 PM | Dt.14.05.2026 upto 03:00 PM |

Details of Tender, Technical Specifications, Terms and Conditions etc are available on our website www.cseb.gov.in, www.cspdcl.co.in and **ebidding http:/cijsrp.cspdcl.co.in.** The Tender document can also be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. The cost of required Tender fee (which is not refundable) of **Rs. 2000/-** including GST and EMD for each tender may be deposited by online through e-bidding.

**Superintending Engineer**
**City Circle-I, CSPDCL: Raipur**

SAVE ELECTRICITY
Samwad- 47627/3

## संक्षिप्त समाचार

### जन्मदिन पर मिला खास आशीर्वाद: रायपुर में पूर्व सीएम भूपेश बघेल संग केक काटते नजर आए पार्षद छगन यादव– गरियाबंद के युवा चेहरे की सादगी और सक्रियता बनी पहचान



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** जन्मदिन के खास मौके को गरियाबंद वार्ड नंबर 6 के पार्षद छगन यादव ने एक यादगार और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण दिन में बदल दिया। रायपुर पहुंचकर उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निज निवास पर मुलाकात की, जहां आत्मीय माहौल में केक काटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई।इस अवसर पर भूपेश बघेल ने न केवल छगन यादव को बधाई दी, बल्कि उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना भी की। मुलाकात के दौरान दिखी नजदीकी ने साफकर दिया कि छगन यादव कांग्रेस के भीतर एक भरोसेमंद और उभरते हुए नेता के रूप में अपनी मजबूत पहचान बना चुके हैं। छगन यादव वर्तमान में कांग्रेस के जिला महामंत्री होने के साथ-साथ एक सक्रिय पार्षद भी हैं। अपने सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और जनता से सीधे जुड़ाव के कारण वे गरियाबंद जिले में खास पहचान रखते हैं। यही वजह है कि वे लगातार संगठन और क्षेत्र दोनों में अपनी पकड़ मजबूत करते नजर आ रहे हैं।छगन यादव ने बताया कि भूपेश बघेल ने उन्हें परिवार के सदस्य की तरह स्नेह दिया, केक खिलाया और आशीर्वाद दिया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिससे यह आयोजन एक आत्मीय और सशक्त राजनीतिक संदेश देने वाला बन गया।

### ढाबे के रसोई में मिली गंदगी, संचालक को नोटिस जारी


**बीजापुर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जिले के किराना दुकान व ढाबे का औचक निरीक्षण किया गया। अभिहीत अधिकारी डीके देवांगन के मार्गदर्शन में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंकित गुप्ता द्वारा शहर के बबलू किराना एवं जनरल स्टोर तथा बिट्टू ढाबा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बबलू किराना से सत्तू का नमूना लेकर जांच हेतु लिया गया। इसी तरह बिट्टू ढाबा के निरीक्षण के दौरान ढाबे के रसोई में अस्वच्छता और अव्यवस्था पाई गई। जिस पर ढाबा संचालक को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। और पाई गई कमियों का रिपोर्ट तैयार किया गया जिसके आधार पर ढाबा संचालक को नोटिस भेजा गया है। नोटिस का पालन नहीं किये जाने पर संबंधित के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों के तहत आगे की कार्यवाही की जाएगी। ज्ञात हो कि पिछले सप्ताह भैरमगढ़ में मेसर्स चंदन इन्टरप्राइजेस से फरसान आटा और बालूशाही का नमूनां लेकर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया था। साथ ही संबंधित के विरूद्ध मिथ्याछाप खाद्य सामाग्री विकय करने की कार्यवाही भी की गई थी। लिये गए नमूने का जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### विकास कार्यों में तेजी लाने जिला सीईओ मुकुन्द ठाकुर ने सचिवों को दिए आवश्यक निर्देश

**सुकमा।** जिला पंचायत सुकमा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकुन्द ठाकुर द्वारा गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पंचायत सचिवों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं बस्तर मुन्ने, नियद नेल्ला नार योजना 2.0 तथा सुशासन तिहार के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।सीईओ ठाकुर ने शासन की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी सचिवों को निर्देशित किया कि लंबित एवं अधूरे निर्माण कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और हितग्राहीमूलक योजनाओं को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए।बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्रमुख योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना, बिहान योजना, महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना सहित अन्य सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत सैचुरेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति वंचित न रहे।

# पैरी घूमर बांध में पर्यटकों से अवैध वसूली का खेल, सफाई के नाम पर खुलेआम उगाही

### सरकारी स्थल पर बिना अनुमति वसूले जा रहे 20 से 50 रुपये, रसीद देकर नियमों को ठेंगा - जिम्मेदार विभाग मौन




**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पैरी घूमर बांध में इन दिनों पर्यटकों से खुलेआम अवैध उगाही का खेल चल रहा है।यहां घूमने आने वाले लोगों से मोटरसाइकिल,कार और अन्य वाहनों के नाम पर 20 से 50 रुपये तक की राशि साफ-सफाई के नाम पर वसूली जा रही है।हैरानी की बात यह है कि यह वसूली बाकायदा रसीद काटकर की जा रही है, जिससे पूरा मामला संगठित और सुनियोजित नजर आ रहा है।

पैरी घूमर बांध जो सरकारी स्थल है और प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण के साथ पर्यटकों के लिए घूमने के लिए जाना जाता है,लेकिन पिछले कुछ वर्षों से अवैध वसूली का अड्डा बनता जा रहा है।यहां आने वाले पर्यटकों से प्रवेश के नाम पर कोई अधिकृत शुल्क निर्धारित नहीं है,बावजूद इसके कुछ लोग सफाई व्यवस्था का हवाला देकर मोटरसाइकिल चालकों से 20 रुपये और कार चालकों से 50 रुपये तक वसूल रहे हैं।

स्थानीय लोगों और पर्यटकों का कहना है कि यह वसूली बिना किसी वैधानिक आदेश या प्रशासनिक अनुमति के की जा रही है।कई पर्यटकों ने बताया कि जब उन्होंने इस वसूली का विरोध किया,तो उन्हें सफाई व्यवस्था बनाए रखने का हवाला देकर चुप करा दिया गया।

सबसे गंभीर बात यह है कि वसूली करने वाले लोग रसीद भी दे रहे हैं,जिससे आम पर्यटक इसे वैध शुल्क समझ बैठते हैं।लेकिन जब इस संबंध में संबंधित विभागों से जानकारी ली गई,तो किसी भी प्रकार की अधिकृत शुल्क वसूली की पुष्टि नहीं हुई।

**प्रशासन की चुप्पी पर सवाल:** इस पूरे मामले में प्रशासन और जिम्मेदार विभागों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। क्या यह वसूली प्रशासन की जानकारी में हो रही है? यदि नहीं, तो फिर इतने लंबे समय से यह अवैध उगाही कैसे जारी है?

**पर्यटकों में नाराजगी:** बाहर से आने वाले पर्यटक इस तरह की वसूली से खासे नाराज हैं। उनका कहना है कि एक ओर सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर ऐसे अवैध वसूली से छवि खराब हो रही है।

स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि पर्यटन **स्थल की गरिमा बनी रहे।**

**पैरी घूमर बांध में पर्यटकों से वसूली करते लोग-** 20-50 रुपये की रसीद थमाकर अवैध उगाही की जा रही है।

पैरी घूमर सिंचाई विभाग के एस डी ओ ने बताया कि उक्त स्थल सरकारी बना है लेकिन वहां विभाग द्वारा न लोगो के मनोरंज के लिए गार्डन बनाया गया है न ही कोई सुविधा दिया जा रहा है तो हम शुल्क भी नहीं लेते।गांव वाले लेते होंगे तो जानकारी नहीं है।

## तपती गर्मी में HAPPY CLUB की इंसानियत की मिसाल, दो प्याऊ घरों का शुभारंभ




**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** भीषण गर्मी में जब सूरज आग उगल रहा है और राह चलते लोगों की प्यास उनके कदम रोकने पर मजबूर कर रही है,ऐसे समय में HAPPY CLUB के युवाओं ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए नगर में दो सार्वजनिक प्याऊ घर शुरू कर आमजन को बड़ी राहत दी है।

HAPPY CLUB के तत्वावधान में पहला प्याऊ घर भूतेश्वरनाथ चौक पर और दूसरा पंजाब बैंक के सामने रायपुर रोड पर शुरू किया गया, जहां अब राहगीर, मजदूर, बस यात्री और ग्रामीण ठंडा पानी पीकर अपनी प्यास बुझाते नजर आ रहे हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर भाजपा जिला अनुसूचित जनजाति उपाध्यक्ष तरुण पप्पू ठाकुर, वरिष्ठ नागरिक मोहन देवांगन,छगन यादव (पार्षद) ऋषिकांत मोहरे,सुनील यादव,आशीष तिवारी और इमरान मेमन द्वारा किया गया।इस दौरान पूरे माहौल में सेवा और समर्पण की भावना स्पष्ट दिखाई दी।

HAPPY CLUB के सदस्य आशीष तिवारी और ऋषिकांत मोहरे ने बताया कि भीषण गर्मी में सबसे बड़ी जरूरत पानी की होती है। बाहर से आने वाले मुसाफिर, मजदूर और ग्रामीण अक्सर पानी के लिए भटकते हैं,इसी को ध्यान में रखते हुए क्लब के युवाओं ने मिलकर यह पहल शुरू की।महज दो दिनों में तैयार हुए इन प्याऊ घरों ने अब सैकड़ों लोगों को राहत पहुंचानी शुरू कर दी है।

भूतेश्वरनाथ चौक पर स्थित प्याऊ घर जहां शहर के बीचों-बीच आने-जाने वालों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रहा है, वहीं पंजाब बैंक के पास बनाया गया प्याऊ घर ग्रामीण अंचल से आने वाले लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यहां रोज बड़ी संख्या में लोग ठंडा पानी पीकर राहत महसूस कर रहे हैं।इस सराहनीय कार्य में तेज पाल कुकरेजा, सुब्रत पात्र अफरोज मेमन,प्रदीप अग्रवानी अतुल गुप्ता,राकेश ठाकुर, सुलभ, शुभम,भूपेंद्र कश्यप, गौरव पटेल,पित्तू देवांगन सहित अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

## कलेक्टर अमित कुमार और एसपी किरण चव्हाण ने किया थाने का उद्घाटन

**सुकमा।** जिले में प्रशासनिक सक्रियता और जनसेवा को मजबूत करने के उद्देश्य से कलेक्टर अमित कुमार एवं पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने शासन की योजनाओं और व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दए तथा आम नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं।दौरे के दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने पुलिस थाना परिसर चिंतागुफा एवं चिंतलनार का अनौपचारिक उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने का भरोसा दिलाया गया। ग्रामीणों ने इस पहल को क्षेत्र की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।इसके बाद कलेक्टर एवं एसपी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिंतागुफा का आकस्मिक निरीक्षण किया, जहां उन्होंने ओपीडी व्यवस्था, मरीजों के उपचार, दवाइयों की उपलब्धता तथा स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।इसी क्रम में काछलपाड़ क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने की घटना में घायल हुए मां-बेटे से अस्पताल पहुंचकर कलेक्टर एवं एसपी ने मुलाकात की। उन्होंने घायलों का हालचाल जाना और चिकित्सकों को नियमित निगरानी तथा बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रशासन की त्वरित संवेदनशीलता से पीड़ित परिवार को राहत और भरोसा मिला।दौरे के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिंतलनार में मलेरिया के मामलों, प्रसव सेवाओं एवं दवाइयों की स्थिति की समीक्षा की गई तथा स्वस्थ बस्तर अभियान के शिविर का निरीक्षण किया गया। वहीं मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के तहत कुंदेड में व्यवस्थाओं का अवलोकन कर मरीजों से संवाद किया गया और आंगनवाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में महिलाओं को पोषणयुक्त आहार के प्रति जागरूक किया गया। प्रशासन के इन प्रयासों से जिले में स्वास्थ्य, सुरक्षा और जनकल्याण सेवाओं को नई मजबूती मिल रही है। फिल्ड भ्रमण के दौरान एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा, एसडीएम सुभाष शुक्ला तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यधारा में लौटे युवाओं को मिल रहा सशक्त सहारा

**बीजापुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में माओवाद छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटे पुनर्वासित युवाओं को अब शासन की विभिन्न योजनाओं का व्यापक लाभ मिल रहा है। प्रशासन द्वारा इन युवाओं को नई शुरुआत देने के लिए जरूरी दस्तावेजों और सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराया जा रहा है।

दस्तवेजों से लेकर स्वास्थ्य तक पूरा सहयोग- पुनवासित युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उन्हें राशन कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज सुगमता से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के लिए आयुष्मान कार्ड भी बनाए जा रहे हैं, जिससे वे आर्थिक चिंता के बिना इलाज करा सकें।

आयुष्मान योजनाओं से व्यापक स्वास्थ्य सुरक्षा- जिला चिकित्सालय बीजापुर में आयोजित कार्यक्रम में पुनर्वासित युवाओं को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। इस कार्ड के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के तहत उन्हें बड़ा लाभ मिलेगा।

## जिला पंचायत सामान्य सभा में जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने उठाए जनहित के प्रमुख मुद्दे, प्रशासन का ध्यान कराया आकर्षित




**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** जिला पंचायत की आयोजित सामान्य सभा बैठक में जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने जिले एवं क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं, किसानों की समस्याओं, मूलभूत सुविधाओं एवं जनहित से जुड़े कई प्रमुख मुद्दों को मजबूती के साथ सदन में उठाया।बैठक में उन्होंने जिले में व्याप्त लो वोल्टेज समस्या को गंभीर बताते हुए कहा कि इससे किसानों की रवि फसल प्रभावित हो रही है तथा ग्रामीण क्षेत्र के लोग भीषण गर्मी में परेशान हैं। उन्होंने तत्काल स्थायी समाधान की मांग की।

इसके अलावा भारत गैस एजेंसी की मनमानी, सोलर लाइट व्यवस्था खराब होना, स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर एवं स्टाफ की कमी, प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एम्बुलेंस सुविधा, मुख्यमंत्री आवास योजना की लंबित राशि, वृद्धा एवं दिव्यांग पेंशन भुगतान, मनरेगा मजदूरी भुगतान सहित अनेक विषयों को प्रमुखता से उठाया गया।

श्री नेताम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पूल-पुलिया निर्माण, सड़क निर्माण, हैंडपंप स्थापना, बोर खनन, जर्जर स्कूल भवनों के सुधार, शिक्षकों की कमी दूर करने, आदिवासी आश्रम-छात्रावासों के नवीन भवन निर्माण तथा शिक्षा व्यवस्था सुधार की मांग भी रखी। उन्होंने धान खरीदी के बाद समय पर उठाव नहीं होने से समितियों को हुए नुकसान, ट्रांसपोर्टरों की लापरवाही तथा किसानों को मुआवजा दिलाने का मुद्दा भी जोरदार तरीके से उठाया। बैठक में सिकासार जलाशय के जल का प्राथमिक लाभ गरियाबंद जिले के किसानों को दिए जाने, विद्युतविहीन गांवों में बिजली पहुंचाने, नल जल योजना के अपूर्ण कार्यों की जांच कराने एवं दोषी ठेकेदारों पर कार्यवाही की मांग भी की गई।

मैनपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बादीबेड़ा से साल्हेभांट मार्ग के मुरमीकरण का विषय उठाते हुए उन्होंने कहा कि वन सुरक्षा समिति के लाभांश राशि से उक्त कार्य बरसात पूर्व कराया जाए।जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा कि जनता की समस्याओं को हर मंच पर उठाना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है और वे सदन से लेकर सड़क तक क्षेत्रवासियों के हक एवं अधिकार की लड़ाई लगातार लड़ते रहेंगे।उन्होंने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग इन मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र सकारात्मक पहल करेंगे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर भाजपा का पक्ष, विपक्ष पर साधा निशाना




**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय गरियाबंद में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रंजना साहू ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर पार्टी का पक्ष विस्तार से रखा। उन्होंने इसे महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक और दूरगामी पहल बताया और कहा कि यह देश की आधी आबादी को नीति-निर्धारण की मुख्यधारा में शामिल करने का प्रयास है।

रंजना साहू ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उसे महिला विरोधी मानसिकता वाली पार्टी बताया। उनका कहना था कि महिलाओं को अधिकार, सम्मान और राजनीतिक भागीदारी देने की दिशा में भाजपा सरकार लगातार अहम फैसले ले रही है, जबकि कांग्रेस ने इस मुद्दे पर केवल राजनीति की है।

उन्होंने कहा कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना समय की मांग रही है। भाजपा सरकार ने इस दिशा में गंभीर प्रयास करते हुए संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिलाने का संकल्प लिया है। उनके अनुसार, यह केवल एक विधेयक नहीं बल्कि माताओं, बहनों और बेटियों के सम्मान, अधिकार और आत्मनिर्भरता से जुड़ा विषय है।

पत्रकार वार्ता के दौरान रंजना साहू ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वर्षों तक महिलाओं के अधिकारों की बात करने वाला विपक्ष जब निर्णय का समय आया, तब राजनीतिक स्वार्थ के कारण पीछे हट गया। उन्होंने कहा कि तकनीकी बहानों और भ्रामक मुद्दों के जरिए इस महत्वपूर्ण सुधार को रोकने की कोशिश की गई। उनका दावा था कि महिलाओं को लंबे समय से ऐसे निर्णय का इंतजार था, लेकिन विपक्ष के रवैये के कारण यह प्रक्रिया बार-बार बाधित हुई। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के लिए यह मुद्दा राजनीति से ऊपर है और पार्टी का उद्देश्य महिलाओं को उनका अधिकार दिलाना है। पिछले वर्षों में महिलाओं के कल्याण के लिए चलाई गई योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हुआ है और वे अधिक आत्मनिर्भर बनी हैं। रंजना साहू ने विश्वास जताया कि देश की महिलाएं इन प्रयासों को समझती हैं और भविष्य में इसका उचित जवाब देंगी। उन्होंने दोहराया कि भाजपा महिलाओं के उत्थान, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी और हर महिला को समान अवसर व निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करना पार्टी का संकल्प है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, महामंत्री डॉ. आशीष शर्मा, प्रदेश सह-समन्वयक माधुरी साहू, सुरेन्द्र सोनटेके, बिंदु सिन्हा, लालिमा पारस ठाकुर, राधेश्याम सोनवानी, रितेश यादव, जीवन एस साहू, नेहा जॉन और माही यादव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक सुनील सोनी और महापौर ने विकास कार्यों का भूमिपूजन कर दी शानदार सौगात



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रायपुर नगर निगम जोन कमांक 4 अंतर्गत ब्राम्हणपारा वार्ड क्रमांक 43 में पंचपथ चौक डॉ बी आर अम्बेडकर प्रतिमा के समीप वार्ड में विभिन्न 11 स्थानो पर नई सीसी रोड, नाली, पुलिया लिली चौक और पंचपथ चौक के नवीन सौंदर्यीकरण विकास कार्यों आदि के लगभग 35 लाख के नवीन विकास कार्यों का भूमिपूजन करते हुए रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी ने नगर निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सहित पहुंचकर नागरिको को शानदार सौगात दी। रायपुर दक्षिण विधायक ने महापौर सहित दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम जोन 4 अंतर्गत मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड क्रमांक 46 अंतर्गत वार्ड में भिन्न 3 स्थानों में सीसी रोड नाली, पुलिया एवं नगर निगम मुख्यालय उद्यान के समीप 25 लाख की लागत से सर्वसुविधायुक्त नवीन आकांक्षीय शौचालय के निर्माण हेतु 4 विविध नए विकास कार्यों का लगभग 55 लाख की स्वीकृत लागत से श्रीफल फोडकर एवं कुदाल चलाकर कार्यारंभ करते हुए भूमिपूजन करते हुए नगरवासियों को शानदार सौगात दी।

रायपुर दक्षिण विधानसभा अंतर्गत नगर निगम जोन 4 अंतर्गत ब्राम्हणपारा वार्ड अंतर्गत लगभग 35 लाख रू. एवं जोन 4 अंतर्गत मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड अंतर्गत लगभग 55 लाख 2 वार्डों में लगभग 90 लाख रू की स्वीकृत लागत के विविध नवीन विकास कार्यों के भूमिपूजन अवसर पर रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी, महापौर श्रीमती मीनल चौबे ,लोक कर्म विभाग अध्यक्ष श्री दीपक जायसवाल, जोन 4 अध्यक्ष श्री मुरली शर्मा, जोन 5 अध्यक्ष श्री अम्बर अग्रवाल , वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता श्री वर्धमान सुराना, श्री कृष्ण कुमार अवधिया, मंडल अध्यक्ष श्री संतोष सोनी , जोन 4 जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता श्री शेखर सिंह , सहायक अभियंता श्री दीपक देवांगन, श्री गुलाबचंद कर्ष सहित बड़ी संख्या में ब्राम्हणपारा एवं मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड के रहवासी गणमान्यजनों महिलाओ, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नवयुवकों, वरिष्ठ नागरिको बच्चों की उपस्थिति रही।

## हितग्राहियों को समय पर लाभ दिलाया जाए: सीईओ

**रायपुर (विश्व परिवार)।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सुचारु, पारदर्शी एवं प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री कुमार बिश्वरंजन ने आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस कक्ष में साप्ताहिक समीक्षा की बैठक ली। बैठक के दौरान सीईओ श्री बिश्वरंजन ने योजना की वर्तमान प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए बैंकों को आवेदन सोर्सिंग बढ़ाने तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को बिना किसी अनावश्यक बाधा के समय पर योजना का लाभ उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# श्रद्धांजलि सभा में विजय बड़कुल जी को समर्पित की भावांजलि



**पथरिया (विश्व परिवार)।** जिला दमोह के पथरिया में जैन समाज के प्रतिष्ठित समाजसेवी गोलू बड़कुल के पिता श्री विजय बड़कुल जी का 12 अप्रैल को देवलोक गमन की खबर लगते संपूर्ण पथरिया जैन समाज में शोक का माहौल निर्मित हो गया वही आज 24 अप्रैल को श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर जी पथरिया में सुबह 10ः00 बजे संपूर्ण पथरिया जैन समाज एवं क्षेत्रीय अंचल व दूरदराज़ से बड़ी संख्या में जैन जैनेतर गणमान्य एवं महिलाओं की उपस्थिति में 3 घंटे तक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन विजय सत्य प्रिय ने कुशल संचालन करते हुए सर्वप्रथम पुत्र गोलू बड़कुल, भाई नेमीचंद, मदन, सुनील बड़कुल आदि ने दिवंगत श्री विजय बड़कुल जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलन कर श्रद्धांजलि सभा का शुभारंभ संपन्न हुआ ।

प्रकाश सराफ, गुड्डा बाछल, जमुना जैन, संजय कुबेर, संतोष दुबे उपाध्यक्ष नगर पंचायत, सुंदरलाल विश्वकर्मा अध्यक्ष नगर पंचायत, राजेंद्र दुबे, लक्ष्मण सिंह, डॉक्टर मनीषा दुबे, कमलेश चौधरी अध्यक्ष पारसनाथ जैन मंदिर पथरिया सहित सैकड़ो लोगों ने भावांजलि व्यक्त करते हुए बताया कि श्री विजय बड़कुल जी के निधन से संपूर्ण जैन समाज पथरिया को अपूर्णनीय छति हुई है । श्री विजय बड़कुल जैन जैनेतर समाज में मिलनसार स्वच्छ छवि निस्वार्थी जीवन रहा है ।

# जीवन दीप समिति साधारण सभा की बैठक संपन्न भाटापारा अस्पताल में हुई जीवन दीप समिति की बैठक



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** जिला बलौदा बाजार अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भाटापारा में जीवन दीप समिति की साधारण सभा की बैठक की खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र माहेश्वरी ने बताया कि जनमानस तथा मरीजों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से मीटिंग हेतु एजेंडा वार चर्चा की गई जिसमें अस्पताल में गेट में वॉचमैन की व्यवस्था ,अस्पताल के सामने से अतिक्रमण हटाने हेतु आवश्यक कदम, अस्पताल परिसर में छूटे हुए स्थान पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने ,जर्जर अनूपयोगी आईपीडी भवन को हटाकर नवीन भवन निर्माण, लेबर वार्ड में बिजली रिपेयरिंग तथा गेट निर्माण, सोनोग्राफी हेतु रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक , प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोपका हेतु नवीन भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव रखा गया तथा कार्य योजना बनाई गई ।

बैठक में मुख्य रूप से विधायक श्री इंद्र साव, नगर पालिका अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा, एसडीएम श्री मति श्यामा पटेल, बीएमओ डॉ राजेंद्र माहेश्वरी, जनपद सीईओ श्री हिमांशु वर्मा , बिईटीओ श्री अरविंद वर्मावरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक तिवारी, पीएचसी मोपका प्रभारी चिकित्सक आलोक तिवारी, श्री संतोष साहू, श्री नितिन डहरिया सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने कोसा वस्त्रों के नवाचार और बुनकरों के आर्थिक सशक्तिकरण पर दिया जोर



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज लोकभवन में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक कोसा साड़ी, शाल और गमछा का अवलोकन किया तथा राज्य के हाथकरघा उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने के लिए नवाचार, डिज़ाइन विकास और मूल्य संवर्धन पर विशेष बल दिया।

राज्यपाल ने सुझाव दिया कि छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध कोसा साड़ी एवं शाल में डॉबी और जैकार्ड तकनीक का उपयोग कर आधुनिक डिज़ाइन विकसित किए जाएं। साथ ही विभिन्न आयु वर्ग की पसंद को ध्यान में रखते हुए उत्पादों को आकर्षक एवं किफायती बनाया जाए, ताकि इनकी बाजार में मांग बढ़ सके।

उन्होंने उत्तर-पूर्व के प्रसिद्ध रेशम क्षेत्र असम के सुवालकुची, विजयनगर और डेमाजी क्षेत्रों के सफल मॉडल का अध्ययन कर वहां के लोकप्रिय डिज़ाइनों को छत्तीसगढ़ के कोसा वस्त्रों में समाहित करने का सुझाव दिया। राज्यपाल ने कहा कि इससे राज्य के बुनकरों को नई पहचान मिलेगी तथा उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

राज्यपाल ने कोसा साड़ी को अधिक किफायती बनाने के लिए साड़ी की बॉडी और बॉर्डर को पृथक रूप से तैयार कर नई शैली की साड़ियों के निर्माण का सुझाव भी दिया। उन्होंने विशेष रंगों एवं धागोंकृएक्रेलिक, स्पन और टू-प्लाई यार्न का उपयोग कर आकर्षक मोटिफ और डिज़ाइन विकसित करने पर भी जोर दिया।

# वन नेशन, वन राशन कार्ड तीन माह का एकमुश्त चांवल भी निकला जुमला: धनंजय सिंह ठाकुर



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** वन नेशन वन राशन कार्ड को जुमला ठहराते हुये प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने भाजपा सरकार से पूछा वन नेशन, वन राशन कार्ड से हितग्राहियों को तीन माह का चांवल क्यों नहीं दिया जा रहा है? राशन दुकान वाले उन्हें वापस क्यों लौटा रहे है? कई राशन दुकानों में एकमुश्त तीन माह का राशन की जगह एक माह का चांवल दिया जा रहा, हितग्राहियों को चांवल नहीं होने की जानकारी दी जा रही है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रो में हितग्राहियों को स्टॉक खत्म होने के चलते चांवल नही मिल रहा है, आखिर सरकार तीन माह की एकमुश्त राशन देने की घोषणा के साथ पर्याप्त मात्रा में चांवल की उपलब्धता राशन दुकानों में क्यों नहीं की है? राशन दुकान में चांवल ही नहीं रहेगा तो दुकानदार कहां से देंगे? खराब क्वालिटी की चांवल मिलने की शिकायत आ रही है? ये तो गरीब जनता के साथ भद्दा मजाक है, गरीब जनता का अपमान है?

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि 30 लाख राशन कार्ड धारियों को केवायसी के कारण तीन माह का राशन नहीं मिल रहा है। सरकार ये सुनिश्चित करे जिनका केवायसी नहीं हुआ है उनको भी चांवल दिया जाये। केवायसी में तकनीकी दिक्कत आ रही है, कभी सर्वर डाउन हो जा रहा, तो कहीं फिंगर प्रिंट मैच नहीं हो रहा है।

# अपराधी घर में घुस कर गोली मार रहे, गृह मंत्री पॉलिटिकल टूरिज्म पर: दीपक बैज



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जांजगीर-चांपा के जैजेपुर में एक व्यवसायी के घर में घुस कर गोली मारे जाने की घटना बेहद ही चिंता का विषय है। यह घटना राज्य की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था का एक और उदाहरण है। जांजगीर-चांपा में व्यवसायी के घर में आपराधियों ने उनके बड़े बेटे की गोली मार कर हत्या कर दिया, छोटा बेटा घायल है। अब आदमी अपने घर में भी सुरक्षित नहीं है। अपराधी बेखौफ और बेलगाम हो चुके कि उनमें कानून का जरा भी भय नहीं बचा है। जांजगीर की घटना के पहले प्रदेश में गैंगवार की अनेकों घटनाएं पिछले ढाई साल में हुई है। राजधानी में पांच बार गोलियां चलाई गई, रायपुर सेंट्रल जेल के सामने गोलियां चलाई गई, झारखंड के गैंगस्टर रायपुर में गोलीबारी कर चुके है, बिलासपुर के मस्तूरी में व्यवसायी के ऊपर गोलियां चलाई गयी। अब तो घर में घुस कर गोली मारी जा रही है। अपराधी घर में घुस कर गोली मार रहे, गृह मंत्री पॉलिटिकल टूरिज्म पर है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार में छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया है। लूट, हत्या, चोरी, डकैती, बलात्कार की घटनाओं के आंकड़े बताते है कि राज्य की कानून व्यवस्था बदतर हो चुकी है। हर घटना के बाद सरकार और पुलिस का एक रटा रटाया बयान आता है कि दोषी बख्शे नहीं जायेंगे, सख्त कार्यवाही की जायेगी, लेकिन घटना की पुनरावृत्ति नहीं होगी इसके लिए कोई ठोस कार्ययोजना न सरकार के तरफ से आती है और न पुलिस की तरफ से आता है। प्रदेश में हर दिन 8 बलात्कार और हर दूसरे दिन 3 सामूहिक दुराचार की घटनाएं हो रही है। राजधानी चाकूपुर बन गया है।

# निगम की जागरूकता अभियान, नागरिकों को दिया स्वच्छ शहर का संदेश



**बीरगांव (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम बीरगांव के आयुक्त श्री युगल किशोर उर्वशा नें वार्ड क्रमांक 2 एवं 3 में प्रात: भ्रमण के दौरान स्वच्छता जागरूकता अभियान कर आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देने की अपील की गई।

आयुक्त महोदय ने नागरिकों से अपने मोहल्ले को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मियों का सहयोग करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी श्री कमल नारायण जंघेल एवं स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश सिंह छतरी द्वारा पूरे मोहल्ले में भ्रमण कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया।

निरीक्षण के दौरान जिन दुकानदारों के पास डस्टबिन नहीं पाया गया, उन्हें तत्काल डस्टबिन रखने के निर्देश दिए गए तथा भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना लगाए जाने की चेतावनी दी गई। वहीं, तीन दुकानों के सामने कचरा पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों को तत्काल सफाई करने के निर्देश दिए गए, जिसके पालन में उन्होंने मौके पर ही झाड़ू लगाकर सफाई की।

इस अवसर पर पी.आई.यू. श्री विकास कुमार जांगड़े द्वारा भी आमजन को गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग रखने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। नगर निगम बीरगांव द्वारा स्वच्छता को लेकर इस प्रकार के जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेंगे, ताकि शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाया जा सके।

# विश्व मलेरिया दिवस 2026: मलेरिया का अंत हमारे साथ पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जागरण



**डॉ. आर. परघानिया,** वरिष्ठ सलाहकार, जनरल मेडिसिन द्वारा

**रायपुर( विश्व परिवार )।** चिकित्सा और सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति के बावजूद, मलेरिया आज भी दुनिया की सबसे जिद्दी संक्रामक बीमारियों में से एक बना हुआ है। हर वर्ष लाखों लोग इससे प्रभावित होते हैं, विशेषकर उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में, जहां मच्छरों का प्रजनन अधिक होता है। भारत ने मलेरिया के मामलों को कम करने में काफी प्रगति की है, फिर भी यह बीमारी विशेष रूप से मानसून और उसके बाद के मौसम में एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है। 25 अप्रैल को मनाया जाने वाला विश्व मलेरिया दिवस हमें यह याद दिलाता है कि मलेरिया उन्मूलन संभव है, लेकिन इसके लिए सामूहिक जिम्मेदारी और निरंतर प्रयास आवश्यक हैं।

थीम को पुन:प्राप्त: पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्स्थापना

इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस की थीम मलेरिया का अंत हमारे साथ पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जागरण मलेरिया के खिलाफ लड़ाई को और मजबूत बनाने की आवश्यकता पर जोर देती है। पुनर्निवेशका अर्थ है रोकथाम, जांच, उपचार और जागरूकता में अधिक निवेश करना। पुनर्कल्पना हमें नई रणनीतियों और तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करती है ताकि कमजोर और दूरदराज़ आबादी तक पहुंच बनाई जा सके। पुनर्जागरण का उद्देश्य जन-जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी को फिर से सक्रिय करना है, ताकि मलेरिया नियंत्रण की गति धीमी न पड़े। ये तीनों स्ंभ मिलकर मलेरिया उन्मूलन की दिशा तय करते हैं।

मलेरिया आज भी चिंता का विषय क्यों है

मलेरिया एक परजीवी जनित बीमारी है, जो संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलती है। इसके लक्षणों में तेज बुखार, ठंड लगना, पसीना आना, सिरदर्द, कमजोरी और शरीर दर्द शामिल हैं। यदि समय पर जांच और इलाज न हो, तो यह बीमारी गंभीर रूप ले सकती है और मस्तिष्क, फेफड़े, किडनी तथा अन्य अंगों को प्रभावित कर सकती है। बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग और कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोग इसके प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। गंदगी, रुका हुआ पानी और जागरूकता की कमी आज भी कई क्षेत्रों में इसके प्रसार को बढ़ावा देती है।

समय पर पहचान और उपचार की महत्वपूर्ण भूमिका

गंभीर मलेरिया और उससे होने वाली मौतों को रोकने के लिए समय पर जांच और त्वरित उपचार बेहद जरूरी है। अक्सर लोग शुरुआती बुखार को नजरअंदाज कर देते हैं या स्वयं दवा ले लेते हैं, जिससे सही इलाज में देरी होती है। साधारण रक्त जांच से मलेरिया की पुष्टि की जा सकती है, और समय पर उचित एंटी-मलेरियल दवाएं देकर जटिलताओं को रोका जा सकता है। इसलिए यह आवश्यक है कि लोग शुरुआती लक्षणों को पहचानें और तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें, विशेषकर संक्रमण के मौसम में।

मलेरिया की रोकथाम मच्छरों के प्रजनन को रोकने और खुद को मच्छरों के काटने से बचाने से शुरू होती है। कूलर, गमले, निर्माण स्थलों और नालियों में जमा पानी को हटाना मच्छरों के प्रजनन स्थलों को कम करने में बहुत प्रभावी है।

# फोरलेन सड़क निर्माण के लिए निगम की बड़ी कार्रवाई, अतिक्रमण हटाने अभियान शुरू

- जेल तिराहा से मिनी माता चौक तक अवैध कब्जों पर चलेगा बुलडोजर,



**दुर्ग (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम दुर्ग।शहर के यातायात को सुगम और व्यवस्थित बनाने की दिशा में नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जेल तिराहा से पुलगांव रोड होते हुए मिनी माता चौक तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण कार्य को गति देने के लिए अतिक्रमण हटाने की मुहिम प्रारंभ कर दी गई है।

इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के तहत न केवल चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाना है, बल्कि सड़क के दोनों ओर सुदृढ़ ड्रेनेज सिस्टम भी विकसित किया जाएगा। करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली इस परियोजना के लिए मार्ग में आने वाले सभी अवैध अतिक्रमणों को हटाया जाना आवश्यक है। निगम द्वारा पूर्व में सर्वे कर चिन्हांकन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई थी, जिसके आधार पर अब अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। अब तक 112 से अधिक अतिक्रमणकारियों को नोटिस थमाया जा चुका है, जिसमें उन्हें स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। शुक्रवार को निगम के अतिक्रमण दस्ता द्वारा पुलगांव चौक के आसपास कार्रवाई करते हुए नालियों पर किए गए पक्के निर्माण को हटाया गया।

# सीएसएमटी-खड़गपुर के मध्य 01 ट्रिप के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** ग्रीष्मकालीन भीड़ के दौरान यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सीएसएमटी-खड़गपुर के मध्य एक तरफ़ा 01 ट्रिप के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है । गाड़ी संख्या 01107 सीएसएमटी-खड़गपुर समर स्पेशल ट्रेन सीएसएमटी से दिनाँक 24 अप्रैल 2026 शुक्रवार को चलेगी तथा दिनांक 25 अप्रैल 2026 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाले गोंदिया, दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर स्टेशनों से होते हुए खड़गपुर जाएगी। गाड़ी संख्या 01107 सीएसएमटी-खड़गपुर समर स्पेशल ट्रेन सीएसएमटी से दिनाँक 24 अप्रैल 2026 शुक्रवार को 11.20 बजे रवाना होगी तथा दादर आगमन 11.32 बजे, प्रस्थान 11.35 बजे, ठाणे आगमन 11.57 बजे, प्रस्थान 12.00 बजे कल्याण आगमन 12.17 बजे, प्रस्थान 12.20 बजे, ईगतपुरी आगमन 14.35 बजे, प्रस्थान 14.40 बजे,नासिक रोड आगमन 15.22 बजे, प्रस्थान 15.25 बजे, मनमाड आगमन 16.22 बजे, प्रस्थान 16.25 बजे, भुसावल आगमन 19.00 बजे, प्रस्थान 19.05 बजे।

**Notice**
**Under Section 72 of Indian Partnership Act, 1932**


TO WHOM SO EVER IT MAY CONCERN

Notice is hereby given that the constitution of partnership firm M/S. SHREE BALAJI WINDOWS, at Infront of Shere Punjab Dhaba, Beside Nirma Godown, Rawabhata, Raipur (C.G.), Pin code - 493221 has been altered with the mutual consent of all the existing partners, w.e.f. 30.04.2025. A deed of partnership has been executed on 30.04.2025 by which Mithilesh Kumar Singh has retired from Partnership firm on 30.04.2025.

For, M/S. SHREE BALAJI WINDOWS
( Shri Amarjeet Kumar Verma )
Partner

Place : Raipur
Dated : 24-04-2026

## श्री फणीकांत जी गुप्ता का निधन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजेंद्र नगर निवासी श्री फणीकांत जी गुप्ता जी का दिनांक 23/4/2026 को आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी शमशान घाट मे किया गया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। वे गौरव गुप्ता एवं श्रीमती गरिमा गुप्ता जैन के पिता थे।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शनिवार 25 अप्रैल 2026



### 30 जून तक नलकूप खनन पर पूर्ण प्रतिबंध

**मोहला ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती तुलिका प्रजापति ने छत्तीसगढ़ पेय जल परिरक्षण अधिनियम द्वारा प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 30 जून तक जिले में नलकूप खनन पर प्रतिबंधित आदेश जारी किया है। इस अवधि में जिले में सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति नलकूप खनन नहीं कर सकेगा। इसके अंतर्गत पेयजल अथवा अन्य प्रयोजन के लिए नलकूप खनन नहीं किया जा सकेगा। किंतु शासकीय विभाग जैसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जिले में नया नलकूप खनन कर सकेगा।

# पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाकर विकसित भारत की नींव को मजबूत कर रही है हमारी सरकार: मुख्यमंत्री साय

- मुख्यमंत्री पंचायती राज दिवस के अवसर पर आयोजित पंचायत पदाधिकारी सम्मेलन में हुए शामिल




**रायपुर( विश्व परिवार )।** डबल इंजन की हमारी सरकार पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाकर विकसित भारत की नींव को मजबूत कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में गांवों के समग्र विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के डीडीयू ऑडिटोरियम में आयोजित पंचायत पदाधिकारी सम्मेलन में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों की सक्रियता से ही गांवों का विकास होगा और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचेगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों और पंचायत प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत पंचायत प्रतिनिधि के रूप में की थी तथा पंच और सरपंच के दायित्व का निर्वहन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि के रूप में गांव के विकास को लेकर जो अनुभव प्राप्त होते हैं, वही आगे बढ़ने में सहायक होते हैं। आज हजारों जनप्रतिनिधि पंचायत से अपना सफर शुरू कर देश के उच्च सदनों तक पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाने में पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका है और जमीनी स्तर पर बेहतर कार्य करने से ही प्रभावी नीतियां बनती हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब ग्रामीणों को पक्के मकान मिल रहे हैं, साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांवों की कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि अटल डिजिटल सेवा केंद्रों के माध्यम से बैंकिंग, बिजली बिल भुगतान, पेंशन और बीमा जैसी सेवाएं अब ग्रामीणों के लिए सहज हो गई हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी आई है।

# कैट एवं अग्निशमन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में अग्नि सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन

- आग लगने पर सर्वप्रथम बिजली सप्लाई को बंद किया जाना चाहिए




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य श्री अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेंद्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, महामंत्री श्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेंद्र जग्गी, श्री राम मंधान, श्री वासु मखीजा, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी, श्री शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि देश के कैट एवं अग्निशमन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कैट के प्रदेश कार्यालय में किया गया। श्रीमति अनिमा एस कुजूर, संभागीय सेनानी एवं नोडल अधिकारी एसडीआरएफ रायपुर संभाग रायपुर छत्तीसगढ़, श्री पुष्पराज सिंह, जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना रायपुर छत्तीसगढ़, श्री लिलेश्वर सिंह राजपूत, निरीक्षक, स्टेशन प्रभारी, अग्निशामन केंद्र टिकरापारा रायपुर छत्तीसगढ़, की संयुक्त टीम द्वारा कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारीगण व्यापारी उपस्थित रहे। जिनकों प्रारंभिक अग्निदुर्घटना से बचाव/सुरक्षा के संबंध में संगोष्ठि के माध्यम से जागरूक करने के साथ ही मॉक ड्रील के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। एनसीआरबी के डेटा के मुताबिक देश के दो सबसे शहरीकृत राज्य महाराष्ट्र और गुजरात में देश की आग दुर्घटना में होने वाली मौतों का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा हैं। इंडिया रिस्क सर्वे के अनुसार, लगातार आग लगने की घटनाओं से व्यापार की निरंतरता और संचालन पर विपरित प्रभाव पड़ता है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर पुलिस कमिश्नर श्री संजीव शुक्ला द्वारा कमिश्नर कार्यालय में पश्चिम जोन के पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को माह अप्रैल के कॉप ऑफ द मंथ के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके उत्कृष्ट कार्य-मादक पदार्थ (हीरोइन) के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु निरीक्षक एस.एन. सिंह (तत्कालीन कबीर नगर, वर्तमान थाना पंडरी), एएसआई घनश्याम साहू (कबीर नगर), आरक्षक आलोप राठौर,मोसिन खान,दीपक सिंह(कबीर नगर) साइबर अपराधों के प्रभावी निराकरण के लिए आरक्षक आशीष शुक्ला (आमानका) पोर्टल में उत्कृष्ट कार्य एवं समग्र योगदान के लिए आरक्षक दिनेश पुराणिक(डीडी नगर) साइबर अपराधियों का पता लगाने में विशेष भूमिका के लिए एएसआई जे.एल. पारकर(पुरानी बस्ती) लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए आरक्षक डागेश्वर गायकवाड(एसीपी ऑफिस पुरानी बस्ती) वारंट तामिली में उत्कृष्ट कार्य के लिए आरक्षक नंदकिशोर अग्रहरि( टिकरापारा) कमल विहार पुलिस सहायता केंद्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए आरक्षक भारतेंद्र साहू( कमल विहार चौकी) न्यायालयीन कार्यों के सुव्यवस्थित निष्पादन के लिए प्रधान आरक्षक कुलदीप पाठक(एसीपी ऑफिस आजाद चौक) इस अवसर पर अमित तुकाराम कांबले, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त एवं संदीप पटेल पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने सम्मानित अधिकारी एवं कर्मचारी के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी उत्कृष्ट सेवा देने हेतु प्रेरित किया।

# भीषण गर्मी में बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरिः लक्ष्मी राजवाड़े

- मंत्री के निर्देश पर आंगनबाड़ी के समय में बड़ा बदलाव



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के बढ़ते प्रभाव को गंभीरता से लेते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग ने बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए त्वरित और संवेदनशील निर्णय लिया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के स्पष्ट निर्देश पर ग्रीष्मकाल के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में बदलाव करते हुए इसे 6 घंटे से घटाकर 4 घंटे कर दिया गया है।

निर्देशानुसार 01 अप्रैल 2026 से 30 जून 2026 तक आंगनबाड़ी केंद्र प्रतिदिन प्रातः 7ः00 बजे से 11ः00 बजे तक संचालित होंगे। विशेष रूप से 23 अप्रैल से 30 जून 2026 तक बच्चों की उपस्थिति का समय केवल सुबह 7ः00 बजे से 9ः00 बजे तक निर्धारित किया गया है, ताकि वे भीषण गर्मी और लू के प्रभाव से सुरक्षित रह सकें।

इस निर्धारित अवधि में बच्चों को पूर्व तय समय-सारिणी के अनुसार प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख एवं शिक्षा (श्वष्टष्टश्व गतिविधियां) के साथ-साथ पूरक पोषण आहार का नियमित वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बच्चों की शिक्षा और पोषण सेवाओं की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्रों में अन्य आवश्यक सेवाएं प्रातः 11ः00 बजे तक जारी रहेंगी। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं अपने निर्धारित जॉब चार्ट के अनुसार शेष कार्यों का निष्पादन करेंगी। साथ ही, गृहभेंट के माध्यम से पोषण परामर्श देने की महत्वपूर्ण सेवा को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत कार्यकर्ता केंद्र बंद होने के बाद घर-घर जाकर माताओं को जागरूक करेंगी।

# दुर्ग स्टेशन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दिनांक 24 अप्रैल 2026 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन , यांत्रिक , इंजीनियरिंग तथा राजभाषा विभाग के कर्मचारियों के साथ मल्टी फंक्शन काम्पलेक्स, दुर्ग स्टेशन में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। स्पैड से बचाव एवं ऑटोमेटिक सिगनल फेलुअर के दौरान दी जानेवाली प्राधिकार और चालक द्वारा लिए जानेवाली सावधानियां, शंटिंग के दौरान बरती जानेवाली सावधानियां एवं पावर ब्लाक के दौरान स्टेशन कर्मचारियों के द्वारा बरती जाने वाली सावधानियां, विद्युतीकृत सेक्शन एवं विद्युतीकृत पिट में कार्य करने के दौरान लिए जानेवाली सावधानियां, इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा बरती जाने वाली गर्मीकालीन सावधानियां एवं कार्यस्थल की संरक्षा, एल एच बि कोच वाली ट्रेन परिचालन के दौरान होने वाली असामान्य घटनायें एवं उसका निवारण, ट्रेन में आग लगने का कारण एवं उसका निवारण, राजभाषा हिंदी का महत्व एवं संरक्षा में योगदान, प्राथमिक उपचार पेटी के उपयोग का प्रदर्शन तथा अग्निशामक यंत्र का उपयोग एवं प्रदर्शन।

# पंचायती राज व्यवस्था ग्रामीण विकास और सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला : किरण देव



**रायपुर( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर प्रदेश के सभी त्रि-स्तरीय पंचायत प्रतिनिधियो सहित समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। श्री देव ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएँ हमारे लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं। महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने में इन संस्थाओं की भूमिका अतुलनीय है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पंचायतों को सीधे फंड आवंटित कर उन्हें वित्तीय रूप से सशक्त बनाया है, ताकि विकास की धारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके। इसी तरह राज्य की भाजपा सरकार के मार्गदर्शन में पंचायतें विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने में प्रभावी भूमिका निभाएंगीं। श्री देव ने कहा कि पंचायतें केवल शासन की इकाई नहीं, बल्कि ग्रामीण उत्थान और जन-आकांक्षाओं की पूर्ति का केंद्र हैं।



# रेल मरम्मत कार्य के चलते वाहनो का आवागमन बंद रहेगा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में भिलाई - भिलाई नगर रेल के मध्य खुर्सीपार फाटक रेलवे समपार किमी. 855 /7-9 में अप लाईन / का अति आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु दिनांक 18.04.2026 को शाम 08ः00 बजे से दिनांक 27.04.2026 सुबह 08ः00 बजे तक के लिये आवागमन बंद किया गया था आवश्यक मशीनी कार्य हेतु 02.05.2026 को रात्रि 8ः00 बजे तक सड़क यातायात बंद रहेगा।

### रोबोटिक तकनीक से अब आसान हुआ नी एवं हिप रिप्लेसमेंटः डॉ. प्रतीक धाबलिया

# शरीर का बेहतर ध्यान रखकर रह सकते हैं निरोगीः भीम सिंह कंवर



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ में एक विशेष हेल्थ टॉक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री भीमसिंह कंवर रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ईश्वर ने मनुष्य को अमूल्य जीवन प्रदान किया है और इसी शरीर के माध्यम से हम समाज व मानव सेवा के कार्य कर पाते हैं। उन्होंने स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शरीर का उचित ध्यान रखकर ही हम निरोगी जीवन जी सकते हैं।

इस अवसर पर विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. प्रतीक धाबलिया ने बताया कि आधुनिक रोबोटिक तकनीक आधारित सर्जरी के माध्यम से घुटने एवं हिप रिप्लेसमेंट अब अधिक सटिक, सुरक्षित और आसान हो गया है। तकनीकों के उपयोग से मरीजों की रिकवरी पहले की तुलना में काफी तेज हो रही है।

डॉ. धाबलिया ने यह भी बताया कि कस्टम-मेड इम्प्लांट्स और एडवांस सर्जिकल प्लानिंग के जरिए मरीजों को बेहतर परिणाम मिल रहे हैं, जिससे वे जल्द ही सामान्य जीवन में लौट पा रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी जिज्ञासाएं रखीं और विशेषज्ञ से समाधान प्राप्त किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री आरपी नामदेव, महाप्रबंधक श्रीमती नंदिनी भट्टाचार्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचएल पंचारी, चिकित्सा सलाहकार डॉ. विवेक गोले, डा. इंदु साहू सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन प्रबंधक (जनसंपर्क) गोविन्द पटेल ने किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए आयोजन का समापन किया गया।

## विकास की नई राह | पहाड़ों के बीच बसा चाऊरडोंगरी अब बारहमासी सड़क संपर्क से जुड़ा

# पहाड़ काट कर बनाई सड़क, ग्रामीणों की जिंदगी में बदलाव की दस्तक



**कवर्धा संवाददाता ( रत्नेश गुप्ता )।** कभी कठिन पहाड़ी रास्तों और संसाधनों की कमी से जूझने वाला कबीरधाम जिले का सुदूर वनांचल क्षेत्र का ग्राम चाऊरडोंगरी आज विकास की नई राह पर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत यहां पक्की सड़कों का निर्माण होने से ग्रामीणों की जिंदगी में बड़ा बदलाव आया है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) विभाग द्वारा अमनिया बांगर रोड राहीडांड से चाऊरडोंगरी तक लगभग 3 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क का निर्माण किया गया है, जिसकी लागत 1.74 करोड़ रूपये है। यह सड़क पहाड़ों की कटिंग कर तैयार की गई है, जिससे यह क्षेत्र दुर्गम और पहुँचविहीन नहीं रहा गया है और बारहमासी पक्की सड़क से जुड़ चुका है।

पहाड़ के ऊपर बसे इस गांव तक पहले पहुंचना बेहद कठिन था। बारिश के दिनों में हालात और भी खराब हो जाते थे। लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के सामान लाने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ता था। बीमार पड़ने पर समय पर उपचार मिल पाना भी मुश्किल था। लेकिन अब तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। सड़क बनने से अब गांव तक आवागमन आसान हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले चाऊरडोंगरी से कुई और पंडरिया तक जाने के लिए कोई पक्का रास्ता नहीं था। आवश्यक सामग्री लाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब सड़क बनने से उनकी परेशानी काफी हद तक दूर हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि अब गांव में स्वास्थ्य सेवाएं भी आसानी से पहुंच रही हैं। पहले जहां मरीजों को अन्य साधनों से ले जाना पड़ता था, वहीं अब वाहन सीधे गांव तक पहुंच रहे हैं। इससे समय पर इलाज मिलना संभव हो पाया है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में क्षेत्र में हो रहे तेजी से विकास कार्यों और मिल रही मूलभूत सुविधाओं पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उनका कहना है कि पहले जहां उनका गांव सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और आवागमन जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित था, वहीं अब सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पक्की सड़क बनने से न केवल आवागमन सुगम हुआ है, बल्कि अब शासकीय योजनाओं का लाभ भी सीधे गांव तक पहुंच रहा है। पहले जहां छोटी-छोटी आवश्यकताओं के लिए भी लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, वहीं अब समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों की वर्षों पुरानी समस्याओं को समझते हुए ठोस कदम उठाए हैं। आज उनके गांव में जो परिवर्तन दिखाई दे रहा है, वह सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का परिणाम है।




RAIPUR BUSINESS HUB
ITR फाईल बनवाएं मात्र 500/-
GST रजिस्ट्रेशन | TDS रिफंड
CMA DATA | BALANCE SHEET
MSME रजिस्ट्रेशन | फूड लाइसेंस
प्रोजेक्ट रिपोर्ट | TAX AUDIT
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
(व्हाट्सएप पर भी बनवाएं)
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354